संस्थापक : स्व. श्री वीर विक्रम आदित्य

स्थापना वर्ष : 2002

# हिन्द जनपथ

पंचकूला

शनिवार

22 नवंबर, 2025

वर्ष:24 अंक: 149

कुल पृष्ठ:08

मूल्य : 1 रुपया

खबरें छापते हैं छुपाते नहीं | दैनिक प्रभात संस्करण हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश से एक साथ प्रकाशित। | www.hindjanpath.com

**नाईपर मोहाली में एडवांस्ड एनालिटिकल टेक्नीक पर दो हफ़्ते के आईटेक प्रोग्राम का हुआ समापन समारोह**



पेज-8


# 350वां शहीदी दिवस



## श्री गुरु तेग़ बहादुर जी

## भाई मती दास जी, भाई सती दास जी, भाई दयाला जी

को समर्पित



# नगर कीर्तन एवं समागमों का विवरण

### श्रीनगर से श्री आनंदपुर साहिब (19-22 नवंबर, 2025)



1 श्रीनगर
2 जम्मू
3 पठानकोट
4 दसूहा
5 होशियारपुर
6 माहिलपुर
7 गढ़शंकर
8 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 – जम्मू (19 नवंबर, 2025)
- दिन 2 – पठानकोट (20 नवंबर, 2025)
- दिन 3 – होशियारपुर (21 नवंबर, 2025)

### गुरदासपुर से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)



1 गुरदासपुर
2 बटाला
3 बाबा बकाला साहिब
4 श्री अमृतसर साहिब
5 तरन तारन
6 गोइंदवाल साहिब
7 कपूरथला
8 करतारपुर
9 जालंधर
10 फ़गवाड़ा
11 बंगा
12 नवांशहर
13 बलाचौर
14 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 - श्री अमृतसर साहिब (20 नवंबर, 2025)
- दिन 2 – जालंधर (21 नवंबर, 2025)

### फ़रीदकोट से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)



1 फ़रीदकोट
2 फ़िरोज़पुर
3 मोगा
4 जगराओं
5 लुधियाना
6 खन्ना
7 सरहिंद
8 फ़तेहगढ़ साहिब
9 मोरिंडा
10 चमकौर साहिब
11 रूपनगर
12 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 – लुधियाना (20 नवंबर, 2025)
- दिन 2 – फ़तेहगढ़ साहिब (21 नवंबर, 2025)

### गुरुद्वारा बेर साहिब (छावनी बुड्ढा दल) तलवंडी साबो से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)



1 गुरुद्वारा बेर साहिब (छावनी बुड्ढा दल) तलवंडी साबो
2 बठिंडा
3 बरनाला
4 संगरूर
5 पटियाला
6 राजपुरा
7 बनूड़
8 साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर
9 कुराली
10 रूपनगर
11 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 – संगरूर (20 नवंबर, 2025)
- दिन 2 - साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर (21 नवंबर, 2025)

## श्री आनंदपुर साहिब में होने वाले समागमों का विवरण

### 23 नवंबर, 2025

- आरंभ श्री अखंड पाठ साहिब
- श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन
- सर्व धर्म सम्मेलन
- विरासत-ए-खालसा, भाई जैता जी मेमोरियल और पंज प्यारा पार्क का गाइडेड टूर
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 24 नवंबर, 2025

- शीश भेंट नगर कीर्तन (कीरतपुर साहिब से श्री आनंदपुर साहिब)
- श्री आनंदपुर साहिब में हैरिटेज वॉक
- श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग़ बहादुर जी को समर्पित विशेष विधानसभा सत्र
- ढाडी, कविशर दरबार
- गुरु साहिब के जीवन एवं शिक्षाओं पर आधारित नाटक/पाठ/कविता
- गतका और अन्य कार्यक्रम
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 25 नवंबर, 2025

- श्री अखंड पाठ साहिब के भोग की संपूर्णता
- राज्य स्तरीय रक्तदान मुहिम
- 3.50 लाख पौधे लगाने की राज्य स्तरीय मुहिम
- गुरुवाणी कीर्तन
- सरबत दा भला एकत्रता
- ड्रोन शो

धार्मिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों के संरक्षक, करुणा, त्याग और साहस के प्रतीक नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी आज भी सम्पूर्ण मानवता के लिए एक प्रकाश-स्तंभ बने हुए हैं। आइए, अपने परिवारों सहित इस पवित्र धरती पर श्रद्धा से नतमस्तक होकर इन दिव्य आयोजनों का हिस्सा बनें।

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# राज्यपाल ने लोकतांत्रिक शासन को मजबूती देने में लेखा और ऑडिट संस्थानों की भूमिका पर बल दिया

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि सुशासन की विश्वसनीयता काफी हद तक लेखांकन और ऑडिट से जुड़े पेशेवरों की मेहनत, निष्पक्षता और सतर्कता पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि उनकी सतत निगरानी ही नीतियों को परिणामों में बदलती है, जिससे कर देने वाले नागरिकों को लाभ मिलता है। राज्यपाल आज यहां भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय द्वारा आयोजित 'ऑडिट वीक 2025' के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस वर्ष यह कार्यक्रम 'सुशासन और वित्तीय अनुशासन के लिए सहयोगात्मक प्रतिबद्धता' विषय पर आयोजित किया गया है।

राज्यपाल ने भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए, कैग को लोकतंत्र का एक अनिवार्य स्तंभ बताया, जो जवाबदेही, पारदर्शिता और सुशासन के सिद्धांतों को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि यह संस्था न केवल यह सुनिश्चित करती है कि सार्वजनिक धन का खर्च कानूनी के अन्तर्गत हो बल्कि जनकल्याण के उद्देश्यों की ओर भी कार्य करती है। इससे राज्य और नागरिकों के बीच विश्वास की नींव और मजबूत होती है।

श्री शुक्ल ने कहा कि ऑडिट वीक केवल औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि संवैधानिक दायित्वों पर आत्मचिंतन का अवसर है। उन्होंने कहा कि कैग वित्तीय जवाबदेही का प्रहरी है, जो सार्वजनिक धन के प्रत्येक व्यय में ईमानदारी, पारदर्शिता और जनहित को सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि ऑडिट



वीक के अंतर्गत आयोजित तकनीकी सत्र और विचार-विमर्श न केवल पूर्व के प्रयासों की समीक्षा करते हैं, बल्कि भविष्य के लिए ऑडिट पद्धतियों को मजबूत करने का मार्ग भी दिखाते हैं।

हिमाचल प्रदेश में वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने में विभाग के योगदान की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सुव्यवस्थित दस्तावेज़ीकरण, तथ्यों पर आधारित रिपोर्टें और सार्थक अनुशंसा बेहतर निर्णय लेने में मदद करती हैं और सुशासन को सुदृढ़ बनाती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में, जहां बुनियादी ढांचा, दूर-दराज़ क्षेत्रों में सेवाओं की आपूर्ति, पर्यावरणीय जोखिम और प्राकृतिक आपदाएं जटिल चुनौतियां पेश करती हैं, वहां ऑडिट हस्तक्षेप और अधिक महत्वपूर्ण हो जाते हैं ताकि योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचे।

उन्होंने यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की कि हिमाचल के ऑडिट कार्यालयों ने डिजिटल वर्कफ़्लो, हाइब्रिड ऑडिट मॉडल और डेटा एनालिटिक्स जैसी आधुनिक प्रणालियां अपनाई हैं, जिससे ऑडिट की सटीकता, दक्षता और पारदर्शिता में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि ऑडिट उत्कृष्टता उसके अधिकारियों की दक्षता पर निर्भर करती है और यह गौरव की बात है कि इतनी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी शिमला में स्थित है।

राज्यपाल ने ऑडिट कर्मचारियों की निष्ठा और निष्पक्षता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी ईमानदारी और समर्पण लोकतंत्र को मजबूत करते हैं। उन्होंने उनसे आग्रह किया कि वे इसी भावना और प्रतिबद्धता के साथ राज्य और देश की सेवा करते रहें। इसके उपरांत राज्यपाल ने ऐतिहासिक गॉर्टन कैसल भवन का दौरा किया और इसकी ऐतिहासिक महत्ता पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री देखी। राष्ट्रीय लेखा एवं लेखा परीक्षा अकादमी के महानिदेशक एस. आलोक ने ऑडिट वीक के दौरान प्रस्तावित गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि संवादात्मक सत्र इस तरह तैयार किए गए हैं कि ऑडिट निष्कर्ष और अनुशंसाएं व्यवहारिक, लागू करने योग्य और स्पष्ट रूप से समझी जा सकें। उन्होंने बताया कि संस्था एक आधुनिक डिजिटल ऑडिट प्रणाली विकसित कर रही है, जो परंपरा और नवाचार के संतुलन पर आधारित है, और जिसमें जोखिम-आधारित, नागरिक-केंद्रित और परिणाम-उन्मुख ऑडिटिंग पर बल दिया गया है। विभाग का उद्देश्य राज्य के विकास प्रयासों को मजबूत करना है, साथ ही जलवायु परिवर्तन, सतत विकास लक्ष्यों और सामाजिक समावेशन जैसे उभरते क्षेत्रों को भी संबोधित करना है।

## हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में राष्ट्रीय शोध कार्यशाला का आयोजन

**धर्मशाला,** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में आयोजित कार्यशाला के पंचम दिवस पर आज एन.आई.टी. हमीरपुर से सह आचार्य प्रो. मनोज कुमार शर्मा ने व्यवहारिक अर्थशास्त्र और तर्कसंगत विकल्प विषयों पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त एन.आई.टी. हमीरपुर से सहायक आचार्य डॉ. सचिन ने एसपीएसएस तथा स्मार्ट पीएलएस में मापन और संरचनात्मक मॉडलिंग विश्लेषण विषयों पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधिवत् सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रबंधन विभाग से डॉ. सोनिका ने मंच संचालन किया। क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला से विधि विभाग के प्राचार्य प्रो. डी .पी. वर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ हेत राम ठाकुर, सह संयोजक के रूप में डॉ. कुलदीप चंदेल, डॉ. किशोर कुमार, डॉ. राजकुमार, डॉ. तिलक राज, डॉ. सुखबीर, डॉ. विपिन, डॉ. रोहित वर्मा तथा कंचन बाला उपस्थित रहे।

## आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा ने नूरपुर में की विभागीय योजनाओं की व्यापक समीक्षा

**धर्मशाला,** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री श्री यादवेंद्र गोमा की अध्यक्षता में आज नूरपुर में विभिन्न विभागों की योजनाओं, कार्यक्रमों और चल रही विकास गतिविधियों की समीक्षा हेतु एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व विधायक अजय महाजन तथा उपमंडल स्तर के विभागीय अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया।

बैठक के दौरान मंत्री श्री गोमा ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों तक समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं की प्रगति को नियमित रूप से मॉनिटर किया जाए तथा जिन योजनाओं में त्वरित सुधार की आवश्यकता है, वहाँ जल्द प्रभावी कदम उठाए जाएं। श्री गोमा ने कहा कि सरकार नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, और इस दिशा में सभी विभागों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

श्री गोमा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग सामंजस्य स्थापित कर कार्य करें, ताकि योजनाओं का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुँच सके। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं और खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस पहल की जाए।

बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रहीं चुनौतियों तथा उनके समाधान पर भी मंत्रणा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने और प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में विद्युत अवसंरचना, ट्रांसफॉर्मरों के स्थापना, स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के विस्तार, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की प्रगति, वृद्धावस्था पेंशन के मामले, विधवा पेंशन, युवाओं के कौशल विकास, खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने ग्रामीण स्तर पर खेल संरचनाओं को मजबूत करने संबंधी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

उप मंडल अधिकारी अरुण शर्मा, लोक निर्माण विभाग के एसई मनोहर धीमान खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार, आयुष विभाग से डॉ. अभिनव, डीएसपी चंद्रपाल, अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग आनंद बलौरिया, अधिशासी अभियंता विद्युत विकास ठाकुर, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, विवेक शर्मा, कृषि विभाग से शैलेश सूद, सीडीपीओ सुमित, एसई आईपीएच संजय ठाकुर, वन विभाग से योगेश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## धीरा में शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित

**धीरा,** धीरा में आज उपमंडल स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम धीरा सलीम आज़म ने की। इस मौके पर विशेष तौर पर प्रदेश राज्य सहकारी, कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय चौहान भी उपस्थित रहे। बैठक में करीब 1 दर्जन लिखित शिकायतों पर विचार विमर्श किया गया। संबंधित अधिकारियों से शिकायतों के निवारण पर चर्चा की गई। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर उचित समाधान के दिशा निर्देश जारी किए। लिखित शिकायतों के अलावा स्थानीय लोगों ने अन्य शिकायतें भी समिति के समक्ष रखी। प्रशासन ने सभी लोगों की शिकायतों को दर्ज किया और समयबद्ध तरीके से समस्या निपटारे के लिए कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## राजस्व विभाग की डिजिटल पहल के सकारात्मक परिणामों से लाभान्वित हो रहे नागरिक

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए राजस्व विभाग ने पारदर्शी कार्य प्रणाली के लिए विस्तृत स्तर पर नई और आधुनिक तकनीक को अपनाया है। इससे राजस्व संबंधी मामलों का तेजी से निपटारा सुनिश्चित हो रहा है साथ ही लोगों को अपने काम करवाने के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की ज़रूरत भी नहीं रही है। राजस्व विभाग में नवाचार पहल के फलस्वरूप लोग व्यापक स्तर पर लाभान्वित हो रहे हैं।

दो साल पूर्व, राज्य सरकार ने राजस्व प्रबंधन पोर्टल जनता को समर्पित किया था जिसके माध्यम से 1,16,490 मामलों में ऑर्डर अपलोड किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त राजस्व मामलों से जुड़ी महत्त्वपूर्ण जानकारी को पोर्टल पर नियमित तौर से अपडेट किया जा रहा है, जिससे लोग घर बैठे एक क्लिक पर अपने मामलों से संबंधित जानकारी ऑनलाइन देख सकते हैं।

प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार विभागों की कार्य प्रणाली में दक्षता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। सरकारी कामकाज में डिजिटाइजेशन और ई-फाइलिंग प्रणाली को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश में लगभग 90 प्रतिशत आबादी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई है और इसके दृष्टिगत एक पारदर्शी, कुशल और टेक्नोलॉजी युक्त मज़बूत भूमि संबंधी प्रशासन प्रणाली अत्यंत आवश्यक है।

राज्य में शुरू की गई कागज रहित पंजीकरण प्रणाली 'माई डीड' के भी सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इस प्रणाली के तहत अब तक राज्य में 55,874 रजिस्ट्री की जा चुकी हैं। इस सुविधा का लाभ उठाते हुए कोई भी व्यक्ति किसी भी समय तहसीलदार के पास रजिस्ट्री के लिए आवेदन कर सकता है जिसके लिए उसे केवल एक बार तहसील कार्यालय जाने की आवश्यकता होगी। इस प्रक्रिया के शुरू होने से समय के साथ-साथ धन की भी बचत हो रही है।

राजस्व अधिकारियों की सुविधा के लिए, ई-रोज़नामचा प्रणाली शुरू हो गई है जिससे अधिकारी प्रतिदिन की गतिविधियों का डिजिटल रिकॉर्ड सुनिर्श्चित कर रहे हैं। सुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, राज्य के सभी राजस्व न्यायालय पहली सितंबर, 2025 से ऑनलाइन कर दिए गए हैं। इसके ज़रिए तकसीम, निशानदेही, दुरूस्ती और अतिक्रमण से जुड़ी फाइलिंग से लेकर सुनवाई तक की प्रक्रिया ई-फाइलिंग के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है। इस सुविधा के शुरू होने के बाद से, 5,940 मामले फाइल किए गए हैं। इसके अलावा, राज्य के सभी लैंड रिकॉर्ड मैप को भी डिजिटाइज़ और जियो-रेफरेंस किया गया है यानी वे अब डिजिटल मैप से जुड़े हुए हैं।

## बेटियों ने क्रिकेट विश्व कप जीतकर बजाया विश्व में अपना डंका, हर क्षेत्र में दे रहीं बराबर सहयोग - आर.एस बाली

### राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा के वार्षिक उत्सव में नवाजे मेधावी।

**नगरोटा,** । देश की बेटियों ने महिला क्रिकेट विश्व कप जीतकर पूरे विश्व में अपना डंका बजाया है। क्रिकेट ही नहीं आज बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में है और देश प्रदेश की प्रगति में अपना योगदान दे रहीं हैं यह उद्गार पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि बनकर पहुँचने पर कहे। उन्होंने कहा नगरोटा विस क्षेत्र सहित समस्त हिमाचल के स्कूलों में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को शिक्षा की बेहतर सुविधाएं मिल सकें। बाली ने शिक्षकों को बच्चों की खूबियों व कमियों का आंकलन कर पढाई के तरीके में रचनात्मक बदलाव करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भूमिका न केवल विद्यार्थियों को शिक्षित करने में होती है बल्कि वे उनको सही और गलत के बीच अंतर को समझाने और संवेदनशील नागरिक के रूप में तैयार करने के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा सरकार के राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोलने, स्कूलों को सीबीएसई करने, प्राथमिक शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से करवाने जैसे निर्णय शिक्षा में सुधार के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा आज प्रदेश के स्कूलों की शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाना लक्ष्य है। उन्होंने कहा बेटियों को उच्च शिक्षा के पूर्ण अवसर उपलब्ध करवाना समाज में बदलाव लाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा बेटियों को उच्च शिक्षा देने के लिए समाज में बदलाव अवश्य हुआ है लेकिन इसे अभी और अधिक बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने सभी से अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने और उन्हें पूर्ण अवसर उपलब्ध देने की अपील की। उन्होंने विद्यालय को वार्षिक समारोह के लिए बधाई दी और बेटियों की शिक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य निखिल शर्मा ने मुख्य अतिथि के समक्ष विद्यालय की समस्त गतिविधियों का विवरण रखा और वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। उन्होंने कहा बेटियों की शिक्षा के लिए यह विद्यालय अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और आज के समय में इस विद्यालय में 343 लड़कियां शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। उन्होंने बताया विद्यालय हो में लंदन और सिंगापुर के मॉडल के अनुसार बेटियों को शिक्षा दी जा रही है।

उन्होंने बताया पाठशाला के अनेकों विद्यार्थियों ने अलग अलग गतिविधियों में जोनल, जिला, राज्य और देश के स्तर पर प्रायोगिताओं में भाग लिया और प्रमुख स्थान हासिल किये।

प्रधानाचार्य निखिल शर्मा, एसएमसी प्रधान कंचन शर्मा और समस्त अध्यापकों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालयों की छात्राओं ने अनेकों मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

आरएस बाली ने कहा आज प्रदेश सरकार विद्यालयों की शिक्षा में गुणात्मक बदलाव कर रही है। उन्होंने सभी मेधावी विद्यार्थियों, संस्कृतिक और अन्य तमाम गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने वार्षिक रिपोर्ट और ड्रग डिमांड डिटेक्शन रिपोर्ट का विमोचन किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि से भविष्य को लेकर प्रश्न किए और उन्होंने उन्हें एक लक्ष्य का मंत्र दिया।

## वर्तमान सरकार ने प्रदेश को शिक्षा के राष्ट्रीय सूचकांक में 5वें स्थान पर पहुंचाया : किशोरी लाल

### पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पपरोला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

**बैजनाथ,** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पपरोला में आज वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन, छात्रों एवं अभिभावकों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार की नीतियों और योजनाओं के परिणामस्वरूप हिमाचल प्रदेश शिक्षा के राष्ट्रीय सूचकांक में 21वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंच गया है जोकि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है।

उन्होंने प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों के उत्थान तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा किसानों से गेहूं 60 रुपए प्रतिकिलो, मक्की 40 रुपए प्रतिकिलो एवं हल्दी 90 रुपए प्रतिकिलो की दर से खरीदी जा रही है। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकें।

विद्यालय के प्रधानाचार्य शुभकरण ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा शैक्षणिक, सहशैक्षणिक और अधोसंरचनात्मक उपलब्धियों का विस्तृत विवरण दिया।



समारोह में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्यातिथि ने प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए प्रतिभागियों को सम्मानित किया साथ ही शैक्षणिक, सांस्कृतिक और विभिन्न अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया एवं विद्यालय को प्रोत्साहन स्वरूप 11 हजार रुपये प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर पार्षद राजेश कलेड़ी, एस.एम.सी. प्रधान अंकिता, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस सचिव रमेश चड्ढा, पूर्व ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष जमना गोयल, सहायक अभियंता जलशक्ति शरती शर्मा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अतुल चौधरी, सह मीडिया प्रभारी अजय गौड़, रणजीत राणा, असरभिदम, सुरेश शर्मा, शक्ति चंद, विनोद कुमार, अशोक अवस्थी, सीता राम, निशा मेहरा, सुरेंद्र धीमान, होशियार सिंह, अजय कटोच, प्रहलाद कटोच, अमृत कटोच सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, अभिभावक तथा आसपास के विद्यालयों के प्राध्यापक और शिक्षक उपस्थित रहे।

## राज्य सरकार ने युवाओं के लिए ब्याज सब्सिडी शिक्षा ऋण योजना की शुरू

**शिमला।** राज्य सरकार ने डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना शुरू की है। यह एक ब्याज सब्सिडी शिक्षा ऋण योजना है, जिसका उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के विद्यार्थियों को व्यावसायिक, तकनीकी और उच्च शिक्षा प्राप्त करने में वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक तंगी के कारण प्रदेश का कोई भी युवा अपनी पढ़ाई से वंचित न रहे।

उच्च शिक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस योजना के तहत पात्र छात्र हिमाचल प्रदेश में स्थित किसी भी अधिसूचित बैंक से केवल एक प्रतिशत ब्याज दर पर शिक्षा ऋण प्राप्त कर सकते हैं। यह ऋण इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट, पैरामेडिकल, फार्मेसी, नर्सिंग, लॉ आदि व्यावसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रम के डिग्री और डिप्लोमा कोर्स के लिए उपलब्ध है। इसके अलावा, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, पोस्ट-ग्रेजुएशन और पी.एच.डी. के लिए भी ऋण लिया जा सकता है, बशर्ते संस्थान एआईसीटीई, एनएमसी, एआइएमए, पीसीआई, आईएनसी, बीसीआई, यूजीसी, आदि मान्यता प्राप्त नियामक संस्थाओं द्वारा मान्य हो।

प्रवक्ता ने बताया कि यह योजना भारत और विदेश में पढ़ाई करने वाले छात्रों पर लागू होगी। यह नए प्रवेश लेने वाले छात्रों के साथ-साथ पहले से अध्ययनरत छात्रों के लिए भी उपलब्ध है। इस योजना के तहत छात्र 20 लाख रुपये तक का ऋण ले सकते हैं, जिसमें ट्यूशन फीस, छात्रावास, भोजन, किताबें और अन्य शैक्षणिक खर्च शामिल हैं। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। ऋण लेने के लिए अधिकतम आयु सीमा प्रवेश/पंजीकरण की तारीख तक 28 वर्ष निर्धारित की गई है।

## आर.ए.एम.पी. के तहत परवाणू में जागरूक कार्यक्रम आयोजित

**सोलन।** प्रदेश उद्योग विभाग के सोलन ज़िला के परवाणू स्थित एकल खिड़की स्वीकृति एजेंसी की सदस्य सचिव राकेश बाला ने प्रदेश में कार्यरत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों से आग्रह किया कि भविष्य की प्रतियोगिता में बने रहने के लिए आधुनिक एवं स्मार्ट तकनीक का प्रयोग सुनिश्चित बनाएं।

राकेश बाला आज 'सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग के प्रदर्शन को बढ़ावा देना और तीव्रता लाना' (आर.ए.एम.पी.) विषय पर परवाणू में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित कर रही थी। जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्मार्ट उत्पादन एवं उद्योगों की बेहतरी के लिए उद्योग 4.0 तकनीक अपनाने के विषय में सारगर्भित जानकारी प्रदान की गई।

सदस्य सचिव ने सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्योगों के लिए डिजिटल बदलाव की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्योग देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस क्षेत्र के उद्योग इंडस्ट्री 4.0 तकनीक अपनाकर उत्पादन बढ़ाने और ऑपरेशनल दक्षता में वृद्धि कर सकते हैं। इससे उत्पादन क्षेत्र में उन्हें व्यापक स्तर पर लाभ होगा।




राकेश बाला ने उपस्थित उद्योग प्रतिनिधियों से आग्रह कि सरकार द्वारा उद्योगों के लिए प्रायोजित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं ताकि सतत् वृद्धि के लक्ष्य को आसानी से हासिल किया जा सके।

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के विशेषज्ञों ने इस अवसर पर कृत्रिम मेधा (ए.आई.), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आई.ओ.टी.), मशीन लर्निंग (एम.एल.), स्मार्ट उत्पादन, क्लाउड कम्प्यूटिंग, एंटरप्राईज़ रिर्सोस प्लानिंग (ई.आर.पी.), उपभोक्ता संबंध प्रबंधन सहित अन्य संबद्ध विषयों पर प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की।

जागरूकता कार्यक्रम में आर.ए.एम.पी. प्रयास के उद्देश्य तथा नवीन तकनीक अपनाकर, क्षमता उन्नयन और डिजिटल प्रौद्योगिकी के माध्यम से भविष्य की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। प्रतिभागियों को आर.ए.एम.पी. कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं तथा प्रयासों की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों से आग्रह किया गया कि स्मार्ट तथा डिजिटल उत्पादन अभ्यास अपनाकर हिमाचल में सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्योगों को और बेहतर बनाएं।

## राष्ट्रीय युवा उत्सव-2026 के लिए चयन कार्यक्रम 24 नवंबर को धर्मशाला में - डीवाईएसओ

**धर्मशाला,** जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी ने सूचित किया है कि राष्ट्रीय युवा उत्सव-2026 के लिए भाषण, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता, लोक नृत्य, लोक गायन से प्रतिभागियों के चयन के लिए जिला स्तर पर ट्रॉयल और ऑडिशन आयोजित किये जायेंगे।

उन्होंने कहा कि युवा आयु वर्ग 15 से 29 में युवा इसमें भाग ले सकते हैं। चुने गए प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2025-26 में भाग लेंगे तथा विजेता प्रतिभागियों के समूह को राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 विकसित भारत युवा नेताओं का संवाद-चरण 02 में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

## विकास कार्यों को समयबद्ध पूरा करें विभागीय अधिकारी: कृषि मंत्री

**धर्मशाला,** । कृषि मंत्री प्रो चंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि विभागीय अधिकारी विकास कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के लिए तत्परता के साथ कार्य करें इसके साथ ही विकास कार्यों की मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करें। शुक्रवार को डीसी आफिस के सभागार में उपमंडल स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कृषि मंत्री प्रो चंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि जनसमस्याओं के निपटारे तथा पारदर्शी शासन व्यवस्था प्रदान करने के दृष्टिगत राज्य सरकार ने उपमंडल स्तर पर शिकायत निवारण समितियां गठित की गई हैं तथा इन समितियों की उचित संचालन के लिए त्रैमासिक बैठकें आयोजित की जाएं ताकि लोगों तक प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, विकास कार्यों में तीव्रता आए और जन शिकायतों का त्वरित समाधान हो। उन्होंने धर्मशाला स्मार्ट सिटी के अधूरे कार्यों की स्टेट्स रिपोर्ट भी प्रेषित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने कहा कि धर्मशाला स्मार्ट सिटी में शतप्रतिशत घरों को सीवरेज से जोड़ने के लिए भी तत्परता के साथ कार्य करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि शहरों में सीवरेज व्यवस्था सुदृढ़ होनी चाहिए तथा इस कार्य को पूर्ण करने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए।

## आवश्यक सूचना

ब्पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

RNI NO: HARHIN/2002/08034, Postal Regd No. HR/AB/54/23-25, स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक एकान्ति राय गर्ग द्वारा जनपथ पब्लिशर्स, बूथ नं.: 437-पी (बी.पी.पेट्रोल पंप के पीछे) सेक्टर-8, पंचकूला से प्रकाशित। **सम्पादक:- एकान्ति रॉय गर्ग,** मुख्य कार्यालय: बूथ नं: 437-पी (बी.पी.पेट्रोल पंप के पीछे) सेक्टर-8 पंचकूला-134109(हरियाणा)। मो.: 9915606900, email : hindjanpath@gmail.com, argarg1610@gmail.com ।

न्यूज डायरी

## अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव (IFFI 2025) की ओपनिंग परेड में हरियाणा की ऐतिहासिक पहली प्रस्तुति

**हिन्द जनपथ**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। हरियाणा ने गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ऑफ इंडिया (IFFI) 2025 की ओपनिंग परेड में अपनी पहली शानदार राज्य झांकी प्रस्तुत की। आईएफएफआई ने इस वर्ष पारंपरिक उद्घाटन समारोह की जगह एक आकर्षक और भव्य 'सड़क परेड' का आयोजन किया, जिसने दर्शकों को भारतीय संस्कृति और सिनेमा के रंगों से सराबोर एक अनोखा "चलित उत्सव" प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि 20 से 28 नवंबर 2025 तक आयोजित होने वाला यह नौ-दिवसीय प्रतिष्ठित महोत्सव में फ़िल्म-बाज़ार सहित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है।

सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं कला संस्कृति विभाग के महानिदेशक के.एम. मकरंद पांडुरंग के दिशा निर्देशन में 'नॉन स्टॉप फिल्मी हरियाणा' झांकी तैयार की गई।

हरियाणा की इस झांकी ने देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों, फिल्म निर्माताओं और दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर झांकी में राज्य की सांस्कृतिक विरासत, सिनेमा में हरियाणा, लोकेशन्स को कलात्मक तरीके से प्रस्तुत किया गया। हरियाणा की झांकी को लेकर देशी-विदेशी पर्यटक काफी आकर्षित नजर आए।

"नॉनस्टॉप फिल्मी हरियाणा" की थीम के साथ झांकी में दर्शाया गया कि हरियाणा ऐसा प्रदेश है जहाँ कहानियाँ मिट्टी में अंकुरित होती हैं और कला फसलों की खुशबू में अपना सौंदर्य संवारती है।

फिल्म-कैमरे के अद्भुत रूप में सजी झांकी हरियाणा की रचनात्मक शक्ति के प्रतीक के रूप में संस्कृति, अपने लोगों और अपनी आवाज़ को दुनिया के सामने नए अंदाज़ में प्रस्तुत करती नज़र आई। कैमरे से निकलती सुनहरी किरणें राज्य की रचनात्मक चेतना, ऊर्जा और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक बनीं। डिजिटल स्क्रीन पर उभरती झलकियों में हरियाणा की विरासत, पर्यटन, लोक-संस्कृति, थिएटर-कला और फिल्मांकन स्थलों की अनोखी दुनिया एक ही परदे पर जीवंत दिखाई दी।

## छात्र अपनी प्रतिभा की पहचान कर सफलता हासिल करें : महीपाल ढांडा

**हिन्द जनपथ**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने आज राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव राजाखेड़ी (पानीपत) में कोचिंग क्लासेज का शुभारंभ किया तथा अत्याधुनिक लैंग्वेज लैब और लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन किया।

इस दौरान मंत्री ने स्कूल प्रांगण में पौधारोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि हर छात्र अपने भीतर की प्रतिभा को पहचान कर सफलता हासिल करे।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी ईमानदारी शिक्षा ग्रहण करें और प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सहयोग को जीवन का आधार बनाएं।

उन्होंने कहा कि प्रतिभा किसी भी क्षेत्र में हो सकती है उसे निखारने का संकल्प लें। उन्होंने विद्यार्थियों को आईआईटी, आईआईएम और अन्य राष्ट्रीय संस्थानों की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा की सरकार सरकारी स्कूलों को इस दिशा में पूरा बजट और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 103 बुनियाद सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां विद्यार्थियों को निपुणता और हुनर के आधार पर नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही सरकार हर भाषा में दक्षता विकसित करने पर जोर दे रही है और अगले महीने से जर्मन के साथ एम ओ यू भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से सरकारी स्कूलों का वार्षिक परिणाम 95 प्रतिशत तक पहुंचा है। शिक्षा क्षेत्र की यह बड़ी उपलब्धि है। मंत्री ने सुपर 30 जैसे मॉडल को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का वातावरण बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया विचलित है, परंतु भारत ने इस परिस्थिति में भी वैश्विक स्तर पर चुनौती दी है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य पूरा करने में आने वाले 20-22 वर्ष निर्णायक होंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री राकेश बूरा, स्कूल प्राचार्य सुमित्रा सांगवान व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एमसीएम ने उद्यानिकी कौशल कार्यशाला का आयोजन किया




**हिन्द जनपथ**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग ने हॉर्टिकल्चर एवं लैंडस्केपिंग कमेटी के सहयोग से तथा आईक्यूएसी के तत्वावधान में संस्थान के मालियों के लिए एक कौशल संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला डॉ. ग्रीन नर्सरी, किशनगढ़, चंडीगढ़ में आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य मालियों को आधुनिक बागवानी तकनीकों की जानकारी देना और बागवानी से जुड़ी आम धारणाओं एवं भ्रांतियों को दूर करना था, ताकि उन्हें वैज्ञानिक आधार पर विकसित उन्नत उद्यानिकी तकनीकों का प्रशिक्षण मिल सके।

डॉ. ग्रीन नर्सरी के मालिक, डॉ. सतीश नरूला ने आधुनिक बागवानी विधियों, पौधों की देखभाल की आवश्यक प्रक्रियाओं तथा पौधों की सेहत और सुदृढ़ वृद्धि सुनिश्चित करने की प्रभावी रणनीतियों पर उपयोगी जानकारी साझा की। कार्यशाला में कॉलेज के कुल 11 मालियों और 3 संकाय सदस्यों ने भाग लिया तथा व्यवहारिक प्रदर्शनों और संवादात्मक चर्चाओं से लाभ उठाया। कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती नीना शर्मा ने इस पहल की सराहना की और कॉलेज के परिसर को सदैव हरा-भरा बनाए रखने के लिए निरंतर कौशल उन्नयन के महत्व पर बल दिया।

# मुख्यमंत्री की ओर से "फास्ट्रैक पंजाब पोर्टल" के दूसरे चरण की शुरुआत के साथ निवेशकों को एक ही छत के नीचे मिलेंगी 173 सेवाएं

- **पंजाब में उद्योग-अनुकूल माहौल ने उद्योगों के पलायन को पूरी तरह रोक दिया**
- **प्रदेश में औद्योगिक विकास को और तेज करने के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई**

**हिन्द जनपथ**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। पंजाब को निवेश के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाने तथा औद्योगिक क्षेत्र को बड़ा बूस्ट देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज 'फास्ट्रैक पंजाब पोर्टल' के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के माध्यम से 173 सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे प्रदेश में औद्योगिक विकास की गति और तेज होगी।

समागम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार ने प्रदेश के शासन में पारदर्शिता और कुशलता लाने के लिए 'सिंगल विंडो विद ए सिंगल पैन' प्रणाली शुरू की है, जिससे प्रदेश की औद्योगिक नीति एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है। उन्होंने कहा कि एक कलम छड़ी से ज्यादा ताकत रखती है, क्योंकि यह सही फैसले लेने और रचनात्मक प्रशासन का रास्ता प्रशस्त करती है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि 'डीम्ड अप्रूवल का कॉन्सेप्ट भी पेश किया गया है ताकि उद्योगों को बिना किसी देरी के समय पर मंजूरियां मिल सकें। यह पंजाब को निवेशक-अनुकूल राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में फास्ट्रैक पंजाब पोर्टल के जरिए 9 विभागों से संबंधित 47 सेवाएं चल रही हैं और प्रभावी समन्वय एवं निगरानी के कारण आवेदनों की पेंडेंसी दर शून्य हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश से उद्योगों के पलायन को पूरी तरह रोक दिया गया है, जिसके चलते 1.40 लाख करोड़ रुपए का नया निवेश आकर्षित हुआ है और विभिन्न क्षेत्रों में लगभग पांच लाख नौकरियों के अवसर पैदा हुए हैं। भगवंत सिंह मान ने बताया कि राज्य सरकार व्यवसाय करने की सुगमता के लिए विभिन्न भागीदारों के साथ निकट समन्वय से काम कर रही है।

उद्यमिता के महत्व पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने पंजाब के युवाओं से नौकरी ढूंढने वाले बनने की बजाय खुद का उद्यम स्थापित कर नौकरी देने वाले बनने का आह्वान किया। इस सोच के समर्थन में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उभरते उद्यमियों को वित्तीय सहायता, ऋण और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान कर रही है। शिक्षा सुधारों में प्रगति को रेखांकित करते हुए भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब ने अपनी शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं ताकि विद्यार्थियों में सकारात्मक, आत्मविश्वासी और प्रगतिशील मानसिकता को प्रोत्साहित किया जा सके और उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व के लिए तैयार किया जा सके।



व्यवसायियों को किसानों के बाद दूसरा 'अन्नदाता' बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों की आजीविका और आर्थिक विकास बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने गर्व के साथ पंजाब की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए बताया कि भारत की चार प्रमुख खेलों हॉकी, क्रिकेट, फुटबॉल और बास्केटबॉल – की राष्ट्रीय टीमों की कप्तानी इस समय पंजाबी कर रहे हैं, जो प्रदेश के उत्कृष्ट खेल कौशल और नेतृत्व भावना को दर्शाता है। भगवंत सिंह मान ने पंजाब के लोगों के मेहनती और साहसी स्वभाव की सराहना की और बताया कि हाल के बाढ़ों में पांच लाख एकड़ फसली क्षेत्र को नुकसान होने के बावजूद पंजाब ने केंद्रीय पूल में रिकॉर्ड 150 लाख मीट्रिक टन चावल का योगदान दिया है। पंजाब को एक भाग्यशाली भूमि बताते हुए, जहां कोई भूखा नहीं सोता, मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की भाईचारे की सेवा की झलक लंगर और स्वैच्छिक प्रयासों में दिखती है, जो इसकी अनुपम मानवतावादी भावना को दर्शाती है। उन्होंने याद दिलाया कि पंजाब हमेशा देश का किला बना रहा है और यह भारत की हिम्मत, लचीलापन और एकता का प्रतीक रहा है। भगवंत सिंह मान ने लोगों से छोटे-मोटे मुद्दों से ऊपर उठकर पंजाब की समग्र प्रगति के लिए सामूहिक रूप से काम करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को सुगम बनाने और सिस्टम में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए कई नए सुधार लागू कर रही है। उन्होंने बताया कि व्यवसाय करने की सुगमता के लिए राज्य सरकार ने पंजाब राइट टू बिजनेस (संशोधन) नियम, 2025 को मंजूरी दी है, जो उद्यमियों को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करेगा।

## डॉ. बलबीर सिंह द्वारा 'युद्ध नशों विरुद्ध' के तहत 'लीडरशिप इन मेंटल हेल्थ' कार्यक्रम की शुरुआत

**हिन्द जनपथ**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। प्रदेश में नशों के पूर्ण उन्मूलन के लिए चल रही मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' की सफलता के साथ-साथ नशों के खिलाफ जंग को और तेज करते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने शुक्रवार को 'लीडरशिप इन मेंटल हेल्थ प्रोग्राम' की शुरुआत की। यह नशीले पदार्थों के दुरुपयोग को कम करने और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए देश की पहली समर्पित अग्रणी पहल है। यह अग्रणी पहल पंजाब स्वास्थ्य विभाग, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज मोहाली और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टी.आई.एस.एस.) मुंबई के सहयोग से संचालित संयुक्त प्रयास है।

इस पहल के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि यह फेलोशिप भारत और विश्व भर के 35 मनोचिकित्सकीय पेशेवरों को पंजाब के सभी 23 जिलों में नशा रोकथाम, उपचार और पुनर्वास सेवाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर देगी। उन्होंने कहा, "केवल एक स्वच्छ पंजाब ही रंगला पंजाब हो सकता है। बढ़ते नशे के प्रकोप से निपटने के लिए, पंजाब को योग्य अगुवाई करने के लिये कुशल और हमदर्द युवाओं की जरूरत है।"

कार्यक्रम की संरचना के बारे में बताते हुए डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि दो साल की यह फेलोशिप नए पेशेवरों को डेटा इंटेलिजेंस एंड टेक्निकल सपोर्ट यूनिट में काम करने का अनूठा अवसर प्रदान करेगी, जो पंजाब में नशीले पदार्थों के खिलाफ एक व्यापक दृष्टिकोण का नेतृत्व कर रही है। इस पहल का हिस्सा बनने वाले फेलो पेशेवर अपनी तैनाती से पहले टी.आई.एस.एस. मुंबई द्वारा आयोजित दो सप्ताह के व्यापक इंडक्शन प्रोग्राम से गुजरेंगे। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को संस्थागत बनाने की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए डॉ. बलबीर सिंह ने कहा, "'लीडरशिप इन मेंटल हेल्थ प्रोग्राम' की शुरुआत पंजाब के हर व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए सरकार के प्रयासों और प्रतिबद्धता को पूरी तरह स्पष्ट करती है।

# धालीवाल की गैंगस्टरों को कड़ी चेतावनी: मुख्यधारा में शामिल हों या पंजाब छोड़ दें, अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें

**हिन्द जनपथ**

**अमृतसर/चंडीगढ़(ब्यूरो)**। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता और अजनाला के विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने गैंगस्टरों और असामाजिक तत्वों को एक सख्त और स्पष्ट चेतावनी जारी की है। अमृतसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, धालीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में, पंजाब सरकार राज्य में शांति और कानून व्यवस्था बहाल करने और बनाए रखने के लिए बिना किसी समझौते के लड़ाई लड़ रही है। इस दौरान उनके साथ 'आप' नेता गुरप्रताप सिंह भी मौजूद थे।



- **धालीवाल ने पंजाब को दिया भरोसा, कहा- मान सरकार हर नागरिक के साथ मजबूती से खड़ी है, आपकी सुरक्षा हमारा कर्तव्य है**

धालीवाल ने खुलासा किया कि पिछले साढ़े तीन सालों में, पंजाब पुलिस ने गैंगस्टरों और असामाजिक समूहों के खिलाफ 310 एफआईआर दर्ज की हैं। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस कार्रवाई के दौरान लगभग 302 गैंगस्टर घायल हुए हैं और लगभग 30 को बेअसर (निष्क्रिय) किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे पुलिस कर्मियों ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी है, जिसमें 39 अधिकारी घायल हुए हैं और तीन अधिकारी पंजाब की रक्षा करते हुए शहीद हो गए हैं।

उन्होंने ऐसे कई मामलों का हवाला देते हुए पुलिस बल की प्रशंसा की, जहाँ आरोपियों को 48 घंटों के भीतर गिरफ्तार किया गया। धालीवाल ने स्पष्ट करते हुए कहा, 'जो कोई सोचता है कि वह पंजाब में शांति भंग कर सकता है, वह भ्रम में जी रहा है।' उन्होंने ऐलान किया कि गैंगस्टरों को तुरंत आपराधिक गतिविधियाँ छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए या पंजाब छोड़ देना चाहिए, अन्यथा उन्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान समर्थित ताकतें राज्य को अस्थिर करने के लिए लगातार गैंगस्टरों को बढ़ावा देती रहती हैं, लेकिन मान सरकार ने ऐसी किसी भी साजिश को सफल नहीं होने दिया है और वह कभी भी पंजाब की शांति को भंग नहीं होने देगी।

धालीवाल ने दोहराया कि सरकार ज़बरदस्ती, धमकी या कानून को अपने हाथ में लेने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह हमने ड्रग माफिया के खिलाफ निर्णायक युद्ध छेड़ा है, उसी तरह गैंगस्टरों के खिलाफ हमारी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक पंजाब से ऐसे हर तत्व का सफाया नहीं हो जाता। पंजाब के लोगों को आश्वस्त करते हुए धालीवाल ने कहा, "मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार हर नागरिक के साथ मजबूती से खड़ी है। आपकी जान-माल की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है, और हम इसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाते रहेंगे।

# शहीदी शताब्दी समागमों के मौके पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुचारु ट्रैफिक व्यवस्था के प्रबंध - ए.एस. राय, डायरैक्टर जनरल पुलिस

- **120 एकड़ में बनी पार्किंगों में 25 हजार वाहनों की क्षमता होगी**
- **गुरु नगरी में आने वाली संगत की सुविधा के लिए सेवा भावना से काम करेंगे पुलिस कर्मचारी**
- **श्री गौरव यादव, महानिदेशक पुलिस पंजाब के निर्देशों के अनुसार ट्रैफिक के उचित प्रबंध**




**हिन्द जनपथ**

**अमृतसर/चंडीगढ़(ब्यूरो)**। श्री आनंदपुर साहिब में धन्न धन्न साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी शताब्दी समारोहों को सुचारु और सुरक्षित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पंजाब पुलिस द्वारा विशेष ट्रैफिक प्रबंधन योजना तैयार की गई है। डायरैक्टर जनरल पुलिस ए.एस. राय ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश के डीजीपी श्री गौरव यादव के निर्देशानुसार सुविधा और सुरक्षा के हर पहलू का ध्यान रखते हुए समागमों के दौरान संगत को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न आए, इसके लिए मजबूत योजना बनाई गई है।

उन्होंने बताया कि समागमों के लिए बनाई गई 120 एकड़ में फैली विशाल पार्किंगों में लगभग 25 हजार वाहनों की क्षमता रखते हुए ट्रैफिक प्रबंध को विभिन्न सेक्टरों में बांटा गया है। पार्किंग क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के लिए अतिरिक्त रास्ते, स्पष्ट साइनबोर्ड और रूट डायवर्जन की व्यवस्था की गई है।

ए.एस. राय ने कहा कि गुरु नगरी में पहुंचने वाली बड़ी संख्या में संगत की सुविधा पंजाब पुलिस की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसी भावना के साथ पुलिस कर्मचारी सेवा के सिद्धांत पर काम करते हुए संगत की मदद के लिए तैनात रहेंगे। समागमों के दौरान ट्रैफिक कंट्रोल रूम 24 घंटे चालू रहेगा और हर सेक्टर का इंचार्ज नियमित रूप से रिपोर्ट करेगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने यह भी बताया कि सभी रूटों पर अतिरिक्त पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए हैं, जो वाहनों की निगरानी के साथ-साथ श्रद्धालुओं को सहायता भी प्रदान करेंगे। इसके अलावा, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष सहायता डेस्क, मेडिकल इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीमें की भी व्यापक तैयारी की गई है।

डायरैक्टर जनरल पुलिस ने कहा कि संगत की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा इस समागम को शांतिपूर्ण व सुचारु ढंग से मनाने के लिए सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरे समर्पण के साथ ड्यूटी निभाएंगे।

इस मौके पर श्री ए.एस. राय, डायरैक्टर जनरल पुलिस ट्रैफिक, एडीजीपी एस.एस. परमार, निलंबरी जगदाले डीआईजी, डॉ. नानक सिंह डीआईजी, गुलनीत सिंह खुराना एसएसपी, डॉ. नवदीप अस्तीजा ट्रैफिक एडवाइजर उपस्थित थे।

## डीएलएसए पंचकूला द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न निरोधक कानून पर जागरूकता वर्कशॉप आयोजित

**हिन्द जनपथ**

**पंचकूला (ब्यूरो)**। अजय कुमार घनघस, चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट-कम-सेक्रेटरी, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, पंचकूला ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी द्वारा आज एडीआर सेंटर, लिटिगेंट हॉल, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पंचकूला में एक अवेयरनेस वर्कशॉप ऑर्गनाइज़ की गई।




यह वर्कशॉप महिला कर्मचारियों के साथ-साथ इंटरनल कमेटियों के सदस्यों में द सेक्सुअल हैरेसमेंट ऑफ वीमेन एट वर्कप्लेस (प्रिवेंशन, प्रोहिबिशन एंड रिड्रेसल) एक्ट, 2013 के प्रोविज़न और फंक्शनिंग के बारे में अवेयरनेस पैदा करने के मकसद से ऑर्गनाइज़ की गई थी।

यह प्रोग्राम कर्मचारियों को वर्कप्लेस पर सेक्सुअल हैरेसमेंट के खिलाफ महिलाओं के लिए उपलब्ध लीगल सेफगार्ड्स के बारे में जागरूक करने और सरकारी और उससे जुड़े इंस्टीट्यूशन्स में एक सेफ, सिक्योर और जेंडर-न्यूट्रल वर्किंग एनवायरनमेंट सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। वर्कशॉप में एक्ट के अनुसार सरकारी विभाग और ऑर्गनाइज़ेशन्स में इंटरनल कमेटियों के ज़रूरी गठन पर ज़ोर दिया गया, साथ ही उनकी भूमिका, ज़िम्मेदारियों, रिपोर्टिंग प्रोसेस, रिकॉर्ड मेंटेनेंस और शिकायतों की जांच और रिड्रेसल के लिए कानूनी टाइम-बाउंड मैकेनिज्म पर भी ज़ोर दिया गया।

सुमिता वालिया और सोनिया सैनी ने वर्कशॉप के लिए रिसोर्स पर्सन के तौर पर काम किया और पार्टिसिपेंट्स को एक्ट के अलग-अलग ज़रूरी पहलुओं पर बताया। उन्होंने सेक्सुअल हैरेसमेंट की परिभाषा और उसके तरीके, वर्कप्लेस का स्कोप, एम्प्लॉयर्स की ड्यूटी, महिला एम्प्लॉइज के अधिकार और कानून के तहत पालन न करने के नतीजों के बारे में डिटेल में बताया। एक इंटरैक्टिव सेशन भी हुआ, जिसमें पार्टिसिपेंट्स ने इम्प्लीमेंटेशन, कंप्लेंट कॉन्फिडेंशियलिटी, विटनेस प्रोटेक्शन, इंक्वायरी प्रोसीडिंग्स और प्रिवेंटिव मेज़र्स से जुड़े सवाल पूछे। दोनों स्पीकर्स ने प्रैक्टिकल उदाहरणों के साथ जवाब दिया और कंप्लायंस के लिए बेस्ट प्रैक्टिस पर डिपार्टमेंट्स को गाइड किया।

## लौहपुरूष वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई पद यात्रा

## एसडीएम ने पीएम श्री कन्या विद्यालय सेक्टर-15 से झंडी दिखाकर यात्रा को किया रवाना

**हिन्द जनपथ**

**पंचकूला (ब्यूरो)**। एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पीएम श्री राजकीय मॉडल कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-15 से जिला स्तरीय पद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर श्री कटारिया ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।




श्री कटारिया ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल लौहपुरूष के नाम से भी प्रसिद्व है। उन्होने अखंड भारत को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने बताया कि अंग्रेजो ने भारत को छोटी-छोटी रियासतों में बांट दिया था। सरदार पटेल ने सभी रियासतों का विलय करके भारत की एकता का संदेश दिया। उन्होंने एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने में अपना अहम योगदान दिया।

उन्होंने बताया कि भारत को आजादी यूहीं नहीं मिली है इसके लिए लाखों वीर स्वतंत्रता सैनानियों ने प्राणों की आहुति देकर भारत को आजादी दिलवाई। उन्हीं की कुबार्नी के बदौलत आज हम सभी आजादी की खुली हवा में सांस लें रहे है।

बीजेपी के जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने इस मौके पर कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की एकता व अखंडता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी मंशा थी कि भारत आत्मनिर्भर राष्ट्र बनें। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का डंका पूरे विश्व मे बज रहा है। सभी देश आज भारत की तरफ देख रहे हैं। उन्होने कहा कि वह दिन दूर नही जब भारत पुनः विश्व गुरू बनें।

जिला स्तरीय पद यात्रा में स्कूल, कॉलेज, आईटीआई, पॉलटैक्निक के छात्र छात्राओं के साथ साथ मेरा युवा भारत के वॉलिन्टीयर, राजकुमार, संगीता, जसप्रीत ने बढ़चढकर भाग लिया। इस अवसर पर स्लोगन व पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया और उसमें प्रथम व द्वितिय आने वाली छात्राओं को मौमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व पीएम श्री राजकीय मॉडल वरिष्ठ कन्या माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-15 के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत गाया गया व हरियाणवी डांस की बेहतरीन प्रस्तुति देकर सबकी तालियां बटोरी। इस अवसर पर दसवीं क्लास की एनसीसी की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रर्दशन कर वाहवाही बटोरी।

## राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों हेतु आवेदन आमंत्रित-अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव

**पंचकूला**: नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, हरियाणा एवं हरेडा द्वारा राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों की एक योजना आरम्भ की गई है। इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न श्रेणियों के पात्र उपभोक्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 दिसंबर 2025 है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती निशा यादव ने बताया कि हरियाणा राज्य में स्थित औद्योगिक, वाणिज्यिक, राजकीय, संस्थागत, समूह आवासीय भवनों को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में श्रेष्ठ उपाय करने, तकनीक अपनाने, ऊर्जा दक्षता हासिल करने के फलस्वरूप राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों से अलंकृत किया जाता है। इसके अलावा इनोवेशन/नई प्रौद्योगिकियां/अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं जिनमें नवीन प्रचार परियोजनाएं शामिल हों, ऊर्जा संरक्षण में अनुसंधान और नवाचार, ऊर्जा दक्षता, अपशिष्ट से ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, कुशल प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में श्रेष्ठ कार्य करने वाली संस्थाएं भी राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकती हैं।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी. जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | ई–कैटलॉग | रेलवे स्टेशन के नाम | रेलवे स्टेशन के नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 05 रेलवे स्टेशन पर, पे एवं यूज शौचालय के संचलान एवं रख–रखाव के ठेका | UMB-PnUToi06-25 | शिमला (PF No&1A), अबोहर, संगरूर, अम्बाला सिटी एवम् राजपुरा | 24.11.2025 को 12:00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये।
3633/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

न्यूज डायरी

## आम आदमी पार्टी पंजाब ने बलतेज पन्नू को राज्य मीडिया प्रभारी किया नियुक्त

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने आज राज्य के जनरल सेक्रेटरी बलतेज पन्नू को राज्य मीडिया प्रभारी (स्टेट मीडिया इंचार्ज) नियुक्त करने की आधिकारिक घोषणा की है। यह घोषणा 'आप' पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा और राज्य प्रभारी मनीष सिसोदिया द्वारा संयुक्त रूप से जारी किए गए एक आधिकारिक पत्र के माध्यम से की गई।

इस नई नियुक्ति के साथ, 'आप' पंजाब ने आगामी राजनीतिक चुनौतियों से पहले अपने संगठनात्मक और संचार ढांचे को और मज़बूत किया है। बलतेज पन्नू अपनी दक्षता, अनुशासन और पंजाब के सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों की गहरी समझ के लिए जाने जाते हैं। उन्हें अब पूरे राज्य में पार्टी की मीडिया और संचार रणनीति के प्रबंधन और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी सौंपी गई है।

'आप' पंजाब ने कहा कि पार्टी संगठन और मीडिया में पन्नू का व्यापक अनुभव उन्हें इस भूमिका के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है। मीडिया प्रभारी के रूप में, वे मीडिया आउटरीच (पहुंच) का समन्वय करेंगे, सरकार की नीतियों और पार्टी की पहलों के प्रभावी संचार को सुनिश्चित करेंगे, साथ ही पत्रकारों और मीडिया संस्थानों के साथ मज़बूत संबंध बनाए रखेंगे।

पार्टी नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि बलतेज पन्नू की देखरेख में, 'आप' पंजाब के संचार प्रयास अधिक गतिशील, पारदर्शी और लोक-केंद्रित होंगे। पार्टी ने बलतेज पन्नू को उनकी नई भूमिका के लिए बधाई दी है।

## जम्मू-कश्मीर: हंदवाड़ा में सुरक्षा बलों ने आतंकी साजिश का किया भंडाफोड़, गोला-बारूद बरामद



**श्रीनगर**। जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा में सुरक्षा बलों ने एक आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के अनुसार आतंकियों के खिलाफ इस संयुक्त अभियान में चार मैगजीन वाली दो एम-सीरीज राइफलें, तीन मैगजीन वाली दो चीनी पिस्तौलें, दो हथगोले और कुछ जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। विशेष जानकारी के आधार पर हंदवाड़ा पुलिस और भारतीय सेना की नौगाम ब्रिगेड ने नौगाम सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास नीरियां वन क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान शुरू किया। इस दौरान संयुक्त टीम ने एक बड़े ठिकाने का भंडाफोड़ किया। सुरक्षा बलों को इस दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए। इस संबंध में कलामाबाद पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है। सुरक्षा बल शांति, जन सुरक्षा और नशा-मुक्त व आतंक-मुक्त समाज सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इससे पहले 20 नवंबर को जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) ने जम्मू शहर के रेजीडेंसी रोड इलाके में कश्मीर टाइम्स के ऑफिस पर छापेमारी की, जिसमें एके राइफल के कारतूस, पिस्टल की गोलियां और हैंड-ग्रेनेड पिन समेत कई दूसरी चीजें बरामद हुईं।

ऑफिशियल सूत्रों ने आईएएनएस को बताया, 'छापेमारी के दौरान एके47 राइफल के कारतूस, पिस्टल की गोलियां और हैंड-ग्रेनेड पिन समेत कई दूसरी चीजें बरामद हुईं।'

एसआईए ने अखबार के जम्मू ऑफिस पर छापा मारा, जिसमें आरोप लगाया गया कि अखबार देश के खिलाफ गतिविधियों में शामिल था।

अधिकारियों के मुताबिक, एसआईए की टीमों ने पब्लिकेशन और उसके प्रमोटरों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद अखबार की जगह और कंप्यूटर सिस्टम की जांच की। जांच आगे बढ़ने पर प्रमोटरों से पूछताछ की जा सकती है। एसआईए ने अखबार के ऑफिस पर छापा मारा, जिसमें आरोप लगाया गया था कि पब्लिकेशन ने देश के खिलाफ गतिविधियों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया था। अखबार पर एसआईए की रेड पर रिएक्शन देते हुए डिप्टी चीफ मिनिस्टर सुरिंदर चौधरी ने कहा कि इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की कोई भी कार्रवाई पूरी तरह से गलत काम के सबूतों पर आधारित होनी चाहिए।

## सरकार के फैसले के कारण व्यापारियों पर आया संकट: अखिलेश यादव

**लखनऊ**। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह सरकार कारोबारियों को परेशान कर रही है। इनके कारण व्यापारियों पर संकट आया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दाल मंडी के व्यापारी आए हैं। सरकार के फैसले की वजह से व्यापारियों पर संकट आया है। यह पॉलिटिकल डिमोलिशन है, क्योंकि वो वहां से चुनाव नहीं जीत पा रहे हैं। भाजपा ने वाराणसी को क्योटो बनाने का दावा किया था। लोगों को परेशान कैसे किया जाए, इस पर काम हो रहा है। पॉलिटिकल प्रोजेक्ट के लिए डिवाइड एंड रूल की नीति अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की नजर अब दालमंडी पर है। एक दुकान बनाने में जमाने लग जाते हैं ये लोग पल भर में इसे तोड़ना चाहते हैं। भाजपा की बहुत संकीर्ण सोच है। ये साजिश कर रही है। ये चौड़ीकरण के नाम पर लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं। इनकी सोच बहुत नकारात्मक है।



सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की नीतियों ने प्रदेश में ऐसा माहौल बना दिया है कि लोग खुलकर कारोबार तक नहीं कर पा रहे। "इनकी नीति है कि लोगों को इतना डरा दो कि वो अपनी बात न कह सकें। क्या कोई सरकार ऐसा करती है? हर किसी को अपनी बात कहने का अधिकार है।'

अखिलेश ने कहा कि भाजपा जिस योजना पर काम कर रही है वह "हेरिटेज संरक्षण' नहीं बल्कि राजनीतिक बदले की भावना" का नतीजा है। उन्होंने कहा, 'भाजपा वहां से लगातार हारती आई है, इसलिए यह कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अधिकारियों के ज़रिए कारोबारियों पर दबाव बना रही है। इस दौरान उन्होंने चेतावनी दी कि "महराजगंज में जिस तरह से डिमॉलिशन हुआ, समय आने पर उसकी वसूली अधिकारियों से कराई जाएगी।"

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी दालमंडी के व्यापारियों के साथ खड़ी है और भाजपा का "चौड़ीकरण" वास्तव में "संकीर्ण राजनीति" है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर रही है और जिस तरह से लखनऊ में मॉल को बेचा गया था, उसी तरह दालमंडी के भविष्य से भी खिलवाड़ किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि लखनऊ में पूरा अकबरनगर को ध्वस्त कर दिया। पूछा कि 'कहीं नाले पर रिवर फ्रंट बनता है क्या', उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा अपने लोगों को मुआवजा देती है, ठीक वैसे ही दूसरे को भी दे।

# दुबई एयर शो में भारतीय वायुसेना का तेजस विमान क्रैश, पायलट की मौत, कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश

**नई दिल्ली**। दुबई एयर शो 2025 में शुक्रवार दोपहर भारतीय वायुसेना का अत्याधुनिक स्वदेशी लड़ाकू विमान एलसीए तेजस एक प्रदर्शन उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में पायलट की मौत हो गई। वायुसेना ने गहन जांच के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए हैं। यह घटना उस समय हुई, जब तेजस निर्धारित एरोबेटिक अभ्यास के लिए उड़ान भर रहा था। दुर्घटना के कारणों की पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है। वायुसेना द्वारा विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। भारतीय वायुसेना ने हादसे की पुष्टि करते हुए एक आधिकारिक बयान जारी किया है। वायुसेना ने कहा कि उनका एक तेजस विमान दुबई एयर शो-25 में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। घटना के संबंध में तथ्यों की पुष्टि की जा रही है। जैसे ही सत्यापित विवरण उपलब्ध होंगे, उन्हें साझा किया जाएगा। सभी जानकारी केवल सत्यापन के बाद ही जारी की जाएगी।



वायुसेना ने बताया कि हादसे में पायलट को गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। भारतीय वायुसेना ने कहा है कि वह पायलट की मौत से हुई इस अपूरणीय क्षति पर गहरा दुख प्रकट करती है और इस कठिन समय में शोकाकुल परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है।

भारतीय वायुसेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी गठित करने की घोषणा की है। जांच दल उड़ान के तकनीकी, परिचालन और सुरक्षा से जुड़े हर पहलू का विस्तृत अध्ययन करेगा, ताकि वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सके।

वहीं विमान क्रैश होने की घटना के तुरंत बाद एयर शो के आपातकालीन प्रबंधन दल और स्थानीय प्रशासनिक इकाइयों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। प्रारंभिक राहत और सुरक्षा उपायों को तेजी से लागू किया गया। यह भी जानकारी मिली है कि दुर्घटना के बाद उत्पन्न स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एयरस्पेस के एक हिस्से को अस्थायी रूप से बंद किया गया।

गौरतलब है कि तेजस भारत का स्वदेशी रूप से विकसित हल्का बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है। इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने डिजाइन और निर्मित किया है। दुबई एयर शो-2025 में इसकी उपस्थिति भारत की एयरोस्पेस क्षमताओं को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर मानी जा रही थी। दुर्घटना का विस्तृत कारण तकनीकी जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। विशेषज्ञ दल तकनीकी डाटा का अध्ययन करेंगे।

दुबई एयर शो-25 के आयोजकों ने भी भारतीय पक्ष के साथ समन्वय करते हुए हादसे से जुड़े सभी पहलुओं की जांच में सहयोग का आश्वासन दिया है। संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित दुबई एयर शो 2025 में भारत ने अपनी उन्नत रक्षा शक्ति, प्रौद्योगिकी और उद्योग क्षमताओं का व्यापक प्रदर्शन किया है।

एयर शो में इंडियन एयरफोर्स की सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम व स्वदेशी लड़ाकू विमान एलसीए तेजस दुबई के आसमान में उड़ान भरने वाली टीमों का हिस्सा थे। यहां लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन के साथ-साथ द्विपक्षीय बैठकें एवं उद्योग सहयोग वार्ता भी हुई हैं।

दुबई एयर शो में इंडिया पवेलियन भी स्थापित किया गया था। इस पवेलियन में भारत की प्रमुख रक्षा एवं तकनीकी संस्थाओं की प्रदर्शनी लगी थी। रक्षा कंपनियों में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, डीआरडीओ, कोरल टेक्नोलॉजी आदि शामिल रहे।

## बिहार सरकार में मंत्रालयों का बंटवारा, सम्राट चौधरी को गृह विभाग की जिम्मेदारी




**पटना**। बिहार में एनडीए की सरकार का गठन हो चुका है। नीतीश कुमार दसवीं बार मुख्यमंत्री बन चुके हैं। नीतीश कुमार के साथ 27 मंत्रियों ने भी शपथ ली है। अब मंत्रालयों का बंटवारा भी हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास सामान्य प्रशासन, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन और उन विभागों की जिम्मेदारी है, जो किसी को आवंटित नहीं किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास गृह मंत्रालय है, तो वहीं उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को भूमि एवं राजस्व और खान एवं भूतत्व विभाग मिला है। भाजपा बिहार की तरफ से सभी मंत्रियों को बधाई देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखा गया, ''बिहार के सभी नवनियुक्त मंत्रीगण को विभाग आवंटित होने की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। जनसेवा के संकल्प के साथ कार्यभार संभालने वाले सभी मंत्रीगण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन और स्थिरता को नई दिशा देंगे।'' एक तरफ जहां सम्राट चौधरी के पास गृह विभाग की जिम्मेदारी है, वहीं मंगल पांडे के पास स्वास्थ्य और विधि विभाग है। दिलीप जायसवाल के पास उद्योग विभाग, नितिन नबीन के पास पथ निर्माण और नगर विकास एवं आवास विभाग है। रामकृपाल यादव के पास कृषि विभाग, संजय टाइगर के पास श्रम संसाधन विभाग, अरुण शंकर प्रसाद के पास पर्यटन और कला-संस्कृति एवं युवा विभाग है। सुरेंद्र मेहता को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की जिम्मेदारी मिली है तो वहीं नारायण प्रसाद के पास आपदा प्रबंधन विभाग, रमा निषाद के पास पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की जिम्मेदारी है। लखेंद्र पासवान के पास अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की जिम्मेदारी है।

# प्रधानमंत्री मोदी जोहान्सबर्ग पहुंचे, जी-20 लीडर्स समिट में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन दिवसीय दक्षिण अफ्रीका दौरे के क्रम में शुक्रवार को जोहान्सबर्ग पहुंचे। यहां उनका गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। वह दक्षिण अफ्रीका की ओर से आयोजित होने वाले 'जी-20 लीडर्स' समिट में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए लिखा कि जी-20 शिखर सम्मेलन से संबंधित कार्यक्रमों के लिए जोहान्सबर्ग पहुंच गया हूं। प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर विश्व नेताओं के साथ उपयोगी चर्चा की आशा है। हमारा ध्यान सहयोग को मजबूत करने, विकास प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने और सभी के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने पर रहेगा। 'जी-20 लीडर्स' समिट का आयोजन जोहान्सबर्ग में होगा। यह विकासशील देशों में आयोजित होने वाला लगातार चौथा जी20 समिट होगा। समिट में प्रधानमंत्री मोदी 'जी-20' एजेंडा पर भारत का दृष्टिकोण पेश करेंगे। उनके समिट के तीनों सत्रों में संबोधित करने की उम्मीद है।




इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक संदेश में कहा, 'मैं 21-23 नवंबर तक रिपब्लिक ऑफ साउथ अफ्रीका जा रहा हूं। मैं सिरिल रामफोसा (दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति) के बुलावे पर जोहान्सबर्ग में साउथ अफ्रीका की प्रेसीडेंसी में हो रहे 20वें 'जी-20 लीडर्स' समिट में शामिल होऊंगा।'

उन्होंने कहा कि यह एक खास समिट होगा, क्योंकि यह अफ्रीका में होने वाला पहला जी-20 समिट होगा। 2023 में जी-20 की भारत की प्रेसीडेंसी के दौरान अफ्रीकन यूनियन जी-20 का मेंबर बना था। यह समिट दुनिया के खास मुद्दों पर बात करने का एक मौका होगा।

उन्होंने कहा, 'मैं समिट में 'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य' के हमारे विजन के हिसाब से भारत का नजरिया पेश करूंगा। मैं पार्टनर देशों के लीडर्स के साथ बातचीत और समिट के दौरान होने वाले छठे 'आईबीएसए समिट' में हिस्सा लेने का इंतजार कर रहा हूं। इस विजिट के दौरान, मैं साउथ अफ्रीका में रहने वाले प्रवासी भारतीयों के साथ अपनी बातचीत का भी इंतजार कर रहा हूं।'

इस साल के जी-20 की थीम 'एकजुटता, समानता और सस्टेनेबिलिटी' है, जिसके जरिए साउथ अफ्रीका ने भारत और ब्राजील में हुए पिछले आयोजनों के नतीजों को आगे बढ़ाया है।

## राहुल गांधी ने दुबई एयर शो हादसे में पायलट की मौत पर जताया दुख

**नई दिल्ली**। दुबई एयर शो में शुक्रवार दोपहर भारतीय वायुसेना का तेजस लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में पायलट की मौत हो गई। इस घटना पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दुख जताया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि दुबई एयर शो में तेजस विमान दुर्घटना में हमारे बहादुर भारतीय वायुसेना पायलट के निधन से गहरा दुख हुआ है। उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। राष्ट्र उनके साहस और सेवा का सम्मान करते हुए उनके साथ खड़ा है। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि दुबई एयर शो में तेजस विमान दुर्घटना में अपने बहादुर भारतीय वायु सेना पायलट को खोकर हमें गहरा दुख हुआ है। आज, राष्ट्र इस क्षति पर शोक व्यक्त करता है और उनके असाधारण साहस और सेवा का सम्मान करता है। इस दुख की घड़ी में हम उनके परिवार और मित्रों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

यह घटना उस समय घटी जब तेजस निर्धारित एरोबेटिक अभ्यास के लिए उड़ान भर रहा था। दुर्घटना के कारणों की पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है। वायुसेना द्वारा विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। भारतीय वायुसेना ने हादसे की पुष्टि करते हुए एक आधिकारिक बयान जारी किया है। वायुसेना ने गहन जांच के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए हैं।

वायुसेना ने कहा कि उनका एक तेजस विमान दुबई एयर शो-25 में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। घटना के संबंध में तथ्यों की पुष्टि की जा रही है। जैसे ही सत्यापित विवरण उपलब्ध होंगे, उन्हें साझा किया जाएगा। सभी जानकारी केवल सत्यापन के बाद ही जारी की जाएगी। वायुसेना ने बताया कि हादसे में पायलट को गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। भारतीय वायुसेना ने कहा है कि वह पायलट की मौत से हुई इस अपूरणीय क्षति पर गहरा दुख प्रकट करती है और इस कठिन समय में शोकाकुल परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है।

# पंडोरी रण सिंह का नाम रोशन कर रहे युवा पंजाबी रैपर जस रंधावा

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। पंजाबी संगीत जगत में उभरते हुए युवा गायक और रैपर जस रंधावा (Jass Randhawa) आज एक जाना-माना नाम बन चुके हैं। अपनी काबिलियत और अनोखे स्टाइल के दम पर उन्होंने न सिर्फ पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है, बल्कि अपने गांव पंडोरी रण सिंह का नाम भी पूरे पंजाब में रोशन किया है।



जस रंधावा के लिखे और गाए गानों को कई बड़े पंजाबी गायक जैसे कर्मा टॉपर, जतिंदर धीमान, सिंहजीत आदि ने भी अपनी आवाज दी है। उनकी दमदार राइटिंग और अनोखी रैपिंग स्टाइल ने उन्हें बदलते हुए पंजाबी संगीत परिदृश्य में नई पहचान दिलाई है।




जस रंधावा, जिन्हें जशन रंधावा के नाम से भी जाना जाता है, अपनी ऊर्जा से भरी रैपिंग और सिंगिंग के कारण युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। उनके गाए कई गाने—जैसे "Dead", "Verna Black", "Drill Rap" और अन्य हिप-हॉप ट्रैक—यूट्यूब, इंस्टाग्राम और सोशल मीडिया रील्स पर खूब वायरल हो रहे हैं।

अपनी तेज–तर्रार लिरिक्स, आधुनिक रैप फ्लो और अनोखे अंदाज़ के कारण जस रंधावा आज पंजाब के सबसे प्रतिभाशाली युवा रैपर्स में से एक माने जाते हैं। उनके फॉलोअर्स लगातार बढ़ रहे हैं, और पंजाबी रैप संगीत में उनका योगदान पूरे भारत में सराहा जा रहा है।

## पंजाब सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा, डॉ. बलजीत कौर द्वारा सोसवा की अगुवाई वाली एनजीओ की पहलकदमियों की समीक्षा

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने आज मैगसीपा में स्टेट ऑर्गेनाइजेशन फॉर सोशल सर्विस एंड वॉलंटरी एक्शन (सोसवा) की अगुवाई वाली गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओज़) की समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया।

कैबिनेट मंत्री ने राज्यभर में महिला सशक्तिकरण और प्रजनन-बाल स्वास्थ्य परियोजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सोसवा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002 से सोसवा, जिसे पंजाब सरकार द्वारा एक मदर एनजीओ के रूप में मनोनीत है, सक्रिय रूप से कार्य कर रही है और कमजोर छात्रों के लिए रिमेडियल कोचिंग, चंडीगढ़ में आइडीयू प्रोजेक्ट तथा फगवाड़ा में एफ.एस.डब्ल्यू. और आइ.डी.यू प्रोजेक्टों जैसी पहलों को सफलतापूर्वक लागू कर रही है।

डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि महिला सशक्तिकरण सोसवा का प्रमुख कार्यक्रम बनकर उभरा है, जिसके तहत गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को त्वचा एवं बालों की देखभाल, कटिंग एवं टेलरिंग तथा कंप्यूटर एप्लीकेशनों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पंजाब भर में हर साल लगभग 3000 से 4000 महिलाएँ 65 गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा संचालित 98 परियोजनाओं के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। मंत्री ने कहा कि ये पहलें मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की पंजाबभर में महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण और टिकाऊ आजीविका के अवसर प्रदान करके सशक्त बनाने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार हर उस गैर सरकारी संस्था के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है जो गरीब लड़कियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि ये प्रशिक्षण कार्यक्रम आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी हैं, जिनकी मदद से वे रोजगार प्राप्त कर सकती हैं या घर से ही अपना व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। सोसवा के फीडबैक के अनुसार, प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएँ अब अपने कौशल और कार्य के आधार पर प्रति माह 15,000 से 25,000 रुपये तक कमा रही हैं।



# हरियाणा के पेपरलैस रजिस्ट्री सिस्टम पर डीड राइटर्स का प्रहार, सरकार के आधे-अधूरे सिस्टम ने बढ़ाई जनता की परेशानी

## चंडीगढ़ प्रेस क्लब में डीड राइटर्स एसोसिएशन ने भरी हुंकार, बोले: सिटिजन आईडी पर टाइपिस्ट का कब्जा

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। डीड राइटर वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले चंडीगढ़ प्रेस क्लब में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा डीड राइटर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप कुमार शर्मा ने की। बैठक में पेपरलैस रजिस्ट्री व्यवस्था की खामियों, अव्यवस्थाओं और सुधार के सुझावों पर जोरदार चर्चा हुई। प्रधान प्रदीप शर्मा ने कहा कि संगठन पेपरलैस रजिस्ट्री व्यवस्था का स्वागत करता है, परंतु इसकी लॉन्चिंग जल्दबाजी में की गई। अगर सिस्टम मजबूत तैयारी के साथ लागू होता तो हरियाणा में यह मॉडल देश का सबसे उत्तम मॉडल बन सकता था। लेकिन अधूरी तैयारियों की वजह से इसमें खामियां ही ज्यादा नजर आ रही हैं।




### सबसे बड़ा मुद्दा: सिटिजन आईडी से टाइपिस्ट द्वारा अपलोड

एसोसिएशन ने बताया कि वर्तमान में सिटिजन सेलर की आईडी से दस्तावेज अपलोड होना उसकी सहमति माना जा रहा है जबकि असल में तहसील/सब-तहसील में काम करने वाले टाइपिस्ट अपनी आईडी से दस्तावेज अपलोड कर रहे हैं। यह स्थिति गंभीर इसलिए है क्योंकि टाइपिस्ट सिटिजन नहीं माने जा सकते। एक सिटिजन साल में 2-5 रजिस्ट्री करा सकता है, लेकिन टाइपिस्ट को प्रतिदिन पांच दस्तावेज अपलोड करने की अनुमति है। माह में लगभग 100 अवैध अपलोड तक हो सकते हैं। ऐसी रजिस्ट्री कानूनी रूप से अवैध मानी जा सकती है। एसोसिएशन ने मांग रखते हुए कहा कि अगर सरकार वाकई भ्रष्टाचार खत्म करना चाहती है तो तहसील कार्यालयों को पासपोर्ट ऑफिस की तरह पेपरलैस और फेसलेस बनाया जाए। इससे भ्रष्टाचार में कमी आएगी और पारदर्शिता बढ़ेगी।

### ये हैं महत्वपूर्ण मांगे

अध्यक्ष ने कहा कि कंप्यूटर ऑपरेटर का ट्रांसफर तीन माह में होना अनिवार्य हो। कई कंप्यूटर ऑपरेटर वर्षों से एक ही जगह जमे हुए हैं जबकि नियम स्पष्ट कहते हैं कि किसी ऑपरेटर को तीन माह से अधिक एक स्थान पर न रखा जाए। पुराने इंतकाल के लिए अलग पोर्टल बनाया जाए। कई नागरिक 10-20 साल पुरानी प्रॉपर्टी का इंतकाल नहीं करा पा रहे। इसके लिए अलग पोर्टल की आवश्यकता है। जमाबंदी में गलती सुधारने का अधिकार पंजीकृत डीड राइटर को मिले। मामूली नाम संशोधन जैसी सुविधाएं पंजीकृत डीड राइटर्स को दी जाएं। जमाबंदी 100-200 पेज तक की होती है इसलिए इसे स्कैन करवाने की बाध्यता खत्म की जाए।

### पेपरलैस सिस्टम में आधार-पैन की फिजिकल कॉपी क्यों?

डीड राइटर्स ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब सिस्टम पेपरलैस है तो दस्तावेजों की फिजिकल कॉपी क्यों मांगी जा रही है? उन्होंने कहा कि दस्तावेजों पर नंबर भी हाथ से लिखे जा रहे हैं। जिसे सॉफ्टवेयर द्वारा जनरेट होना चाहिए। वसीका लेखन फीस बढ़ाई जाए। लाइसेंस पांच वर्ष के लिए नवीनीकरण हो। बैठक में यह भी बताया गया कि वसीका लेखन फीस पहले से लंबित है, इसे तुरंत बढ़ाया जाए। वसीका लाइसेंस पांच साल के लिए नवीनीकरण किया जाए। दस्तावेज अपलोड होने के बाद कोई कमी न निकाली जाए ताकि आमजन को बार-बार रिवर्ट शुल्क का नुकसान न हो। डीड अपलोड करने का अधिकार सिर्फ डीड राइटर को दिया जाए। एसोसिएशन ने दोहराया कि राजस्व डीड एक अत्यंत संवेदनशील और कानूनी दस्तावेज है। इसे अपलोड करने का अधिकार केवल सिटिजन और पंजीकृत डीड राइटर को मिले।

## कृषि मंत्री बोले- बीमा योजना में जंगली जानवरों और जलभराव से होने वाला नुकसान भी शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के लिए बड़ी राहत का ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब दो तरह के नुकसान भी कवर किए जाएंगे, जिनकी किसान लंबे समय से मांग कर रहे थे। जंगली जानवरों और जलभराव से बर्बाद हुई फसलों पर मिलेगा मुआवजा चौहान ने कहा कि अब जंगली जानवरों द्वारा फसलों को पहुंचाए गए नुकसान पर भी मुआवजा मिलेगा। इसके साथ ही अत्यधिक बारिश से आई बाढ़ या जलभराव के कारण फसल को हुए नुकसान को भी योजना में शामिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अगर जंगली जानवर फसल खराब करते हैं, तो उसका मुआवजा दिया जाएगा। अगर भारी बारिश से जलभराव होता है और फसल बर्बाद होती है, तो भी नुकसान की भरपाई की जाएगी।

## एफएसएसएआई ने राज्यों को तुरंत बिक्री रोकने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि बाजार और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध भ्रामक 'इलेक्ट्रोलाइट पेय' और 'ओआरएस' नाम वाले उत्पादों की बिक्री तुरंत रोकी जाए। एफएसएसएआई ने आदेश दिया है कि ऐसे सभी उत्पाद- चाहे 'ओआरएस' एक एकल शब्द के रूप में प्रयोग हो या उपसर्ग/प्रत्यय के साथ संयुक्त रूप में- यदि वे भ्रामक या मेडिकल-ग्रेड ओआरएस के समान प्रस्तुत किए जा रहे हैं, तो उन्हें तुरंत बाजार से हटाया जाए। प्राधिकरण का कहना है कि कई कंपनियां अपने पेय पदार्थों को ओआरएस जैसा दिखाकर उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रही हैं, जबकि वास्तविक ओआरएस केवल चिकित्सकीय और वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप तैयार किया जाता है। इस कार्रवाई का उद्देश्य उपभोक्ताओं, खासकर बच्चों और बुजुर्गों को, गलत दावों वाले पेय पदार्थों से होने वाले संभावित स्वास्थ्य जोखिमों से बचाना है। राज्य सरकारों से कहा गया है कि वे खुदरा दुकानों, सुपरमार्केट, ई-कॉमर्स साइटों और ऑनलाइन ग्रोसरी प्लेटफॉर्म पर ऐसी उत्पाद-लिस्टिंग और बिक्री पर तत्काल निगरानी और प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## 5 टुकड़ों में बंट जाएगा स्टॉक, 20 बार डिविडेंड दे चुकी है कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंप्यूटर एज मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड के शेयरों का बंटवारा होने जा रहा है। कंपनी के शेयरों को 5 हिस्सों में बांटा जाएगा। इसके लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान हो गया है। कंपनी ने दी जानकारी में कहा है कि 10 दिसंबर से पहले ही रिकॉर्ड डेट की तारीख है। बता दें, कंपनी ने 2020 से अबतक निवेशकों को 20 बार डिविडेंड दिया है। एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर को 5 हिस्सों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 2 रुपये प्रति शेयर हो जाएगी। कंप्यूटर एज मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड का रिकॉर्ड डेट 5 दिसंबर 2025, दिन शुक्रवार है। यानी इस दिन कंपनी के शेयरों का बंटवारा हो जाएगा। कंप्यूटर एज मैनेजमेंट के शेयर इसी महीने की 7 तारीख को एक्स-डिविडेंड ट्रेड किए थे। कंपनी ने तब योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 14 रुपये का डिविडेंड दिया था। इससे पहले कंपनी के शेयर अगस्त के महीने में एक्स-डिविडेंड ट्रेड किए थे। तब कंपनी ने हर एक शेयर पर 11 रुपये का डिविडेंड दिया था। जुलाई के महीने में भी इस साल कंपनी एक्स-डिविडेंड ट्रेड की है। तब योग्य निवेशकों को 19 रुपये का लाभांश बांटा गया था।

## 14 महीने के निचले स्तर पर कोर सेक्टर के आंकड़े, अक्टूबर में स्थिर रहा ग्रोथ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोर सेक्टर में एक बार फिर सुस्ती देखने को मिली है। सरकार की ओर से जारी आंकड़े बताते हैं कि देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अक्टूबर में स्थिर रही। यह 14 महीनों में इसका सबसे कमजोर प्रदर्शन था। आइए जान लेते हैं कि किस उद्योग में कितना ग्रोथ हुआ।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक के अनुसार, कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद, बिजली, उर्वरक और इस्पात में सितंबर में 3.3 प्रतिशत और अक्टूबर 2024 में 3.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इसके तहत कोयला उत्पादन में 8.5 प्रतिशत, बिजली उत्पादन में 7.6 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस उत्पादन में पांच प्रतिशत की गिरावट आई। अक्टूबर में कच्चे तेल का उत्पादन सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत घटा। वहीं, अक्टूबर में पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत, उर्वरक उत्पादन 7.4 प्रतिशत, इस्पात 6.7 प्रतिशत, सीमेंट 5.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा। अक्टूबर में स्थिर वृद्धि के कारण चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान आठ बुनियादी उद्योगों की संचयी वृद्धि दर 2.5 प्रतिशत पर आ गई जो एक साल पहले इसी अवधि में 4.3 प्रतिशत थी। आठ बुनियादी ढांचा उद्योगों का उत्पादन पिछले एक साल में पहली बार स्थिर रहा है। इस वृद्धि दर का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के जरिये मापे जाने वाली देश के औद्योगिक उत्पादन वृद्धि पर प्रभाव पड़ता है।

### बैंकों का एनपीए दूसरी तिमाही में घटकर 2.1 प्रतिशत

## लोन देने की रफ्तार 11.7 फीसदी तक बढ़ी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के बैंकिंग सेक्टर की वित्तीय सेहत और मजबूत होती दिख रही है। केयरएज रेटिंग्स की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में बैंकों के गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का सकल एनपीए अनुपात घटकर 2.1 प्रतिशत पर आ गया है। यह पिछले वर्ष इसी अवधि में 2.6 प्रतिशत था। इसमें बताया गया है कि बैंकों का सकल एनपीए 11.1 प्रतिशत सालाना गिरावट के साथ 4.05 लाख करोड़ पर पहुंच गया है।

रेटिंग एजेंसी ने बताया कि बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार मजबूत रिकवरी, उपयुक्त अपग्रेड, कम नई स्लिपेज, और पोर्टफोलियो की सफाई, जिसमें बड़े पैमाने पर राइट-ऑफ और एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनियों (एआरसी) को बिक्री शामिल है।

इसके विपरीत, शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात लगातार तीसरी तिमाही में 0.5 प्रतिशत पर स्थिर रहा, जबकि वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में यह 0.6 प्रतिशत था। रिपोर्ट के अनुसार, नेट एनपीए में सालाना आधार पर 9.9 प्रतिशत गिरावट आई है, जिससे यह घटकर 0.88 लाख करोड़ रह गया।

तिमाही आधार पर भी सुधार जारी रहा। एससीबी के सकल एनपीए में 4.2 प्रतिशत और नेट एनपीए में 5.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह मुख्य रूप से कम स्लिपेज, प्रभावी रिकवरी, अपग्रेड, और एआरसी बिक्री के जरिए एनपीए समाधान में तेजी के कारण हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, क्रेडिट ग्रोथ मजबूत बनी हुई है। दूसरी तिमाही में बैंक ऋण वितरण में 11.7 प्रतिशत सालाना वृद्धि दर्ज की गई, जो जमा वृद्धि के 9.7 प्रतिशत से तेज रही। उम्मीद है कि दूसरी छमाही में जमा संग्रह में सुधार होगा, हालांकि समग्र क्रेडिट ग्रोथ मध्यम स्तर पर बनी रह सकती है। परिसंपत्ति गुणवत्ता को लेकर एजेंसी ने अनुमान लगाया है कि नियंत्रित स्लिपेज और जारी रिकवरी के चलते बैंकिंग सिस्टम मजबूत स्थिति में रहेगा। हालांकि रिपोर्ट ने चेतावनी भी दी है कि कम राशि वाले अनसिक्योर्ड पर्सनल लोन और माइक्रोफाइनेंस सेगमेंट में तनाव बरकरार है। इसके अलावा, अमेरिका की टैरिफ नीतियों, वैश्विक आर्थिक सुस्ती, और घरेलू नियामकीय बदलावों के संभावित असर से आने वाले महीनों में क्रेडिट विस्तार और परिसंपत्ति गुणवत्ता पर दबाव बढ़ सकता है।

### ऑनलाइन खरीदारी...जितना मूल्य दिखेगा, वही चुकाना होगा

## उपभोक्ता नहीं होंगे गुमराह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन खरीदारी करने वालों के लिए बड़ी राहत देने वाली खबर है। अब उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफार्म पर जो मूल्य दिखेगा, उसी का भुगतान करना होगा, उनसे किसी तरह का हिडेन चार्ज नहीं लिया जाएगा और न ही भ्रामक विज्ञापनों के जरिये उन्हें गुमराह किया जाएगा।

जेप्टो, जोमैटो, स्विगी और जियोमार्ट समेत देश की 26 प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों ने अपने ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफार्म के डार्क पैटर्न से मुक्त होने की घोषणा की है। सरकार ने इसे डिजिटल बाजार में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने कहा कि ये घोषणाएं अन्य कंपनियों को भी इसी तरह के स्व-नियमन अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगी।

इन 26 ई-कॉमर्स मंच में फार्म इजी, जेप्टो मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट इंटरनेट, मिंत्रा डिजाइन्स, वॉलमार्ट इंडिया, मेकमायट्रिप (इंडिया), बिगबास्केट (इनोवेटिव रिटेल कॉन्सेप्ट्स), जियोमार्ट (रिलायंस रिटेल),



जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकिट, पेज इंडस्ट्रीज, विलियम पेन, क्लियरट्रिप, रिलायंस ज्वेल्स, रिलायंस डिजिटल, नेटमेड्स, टाटा 1एमजी, मीशो, इक्सिगो, मिलबास्केट, हैमलेज, अजियो, टीरा ब्यूटी (रिलायंस रिटेल लिमिटेड), ड्यूरोफ्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड और क्यूराडेन इंडिया शामिल हैं।

**डार्क पैटर्न की पहचान के लिए ऑडिट कराया:** इन 26 ई-कॉमर्स कंपनियों ने डार्क पैटर्न की किसी भी मौजूदगी की पहचान, आकलन और उन्मूलन के लिए आंतरिक रूप से स्वयं और अन्य पक्षों से ऑडिट कराए हैं। कंपनियों ने कहा है कि उनके मंच किसी भी तरह के छेड़छाड़ वाले यूजर इंटरफेस डिजाइन का इस्तेमाल नहीं करते हैं।

### ये हैं चिन्हित 13 डार्क पैटर्न

डार्क पैटर्न की रोकथाम और नियमन के लिए दिशानिर्देश, 2023, 30 नवंबर 2023 को अधिसूचित, 13 डार्क पैटर्न की पहचान करते हैं और उन पर प्रतिबंध लगाते हैं। ये 13 डार्क पैटर्न हैं- फॉल्स अर्जेंसी, बास्केट स्नीकिंग, कनफर्म शैमिंग, फोर्सेड एक्शन, सब्सक्रिप्शन ट्रैप, इंटरफेस इंटरफेयरेंस, बेट एंड स्विच, ड्रिप प्राइसिंग (हिडेन चार्ज), भ्रामक विज्ञापन, नैगिंग, ट्रिक वर्डिंग, सास बिलिंग और रफ मालवेयर।

**क्या है डार्क पैटर्न:** डार्क पैटर्न उपभोक्ताओं को गुमराह करने की ऑनलाइन तकनीक है। यूजर इंटरफेस को इस तरह डिजाइन किया जाता है कि लोग अनजाने में उसी लिंक पर क्लिक कर दें, जिससे वे बचना चाहते हैं। सरकार ने 2023 में इसकी रोकथाम के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए थे। डार्क पैटर्न की रोकथाम व विनियमन के लिए दिशानिर्देश को 30 नवंबर 2023 को अधिसूचित किए गए था।

## अडानी ग्रुप ने बेच दिया एडब्लूएल एग्री बिजिनेस में बचा हिस्सा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप के पोर्टफोलियो से एक कंपनी बाहर हो गई है। अडानी समूह ने ब्लॉक डील के जरिए एडब्लूएल एडब्लूएल बिजनेस (पहले का नाम अडानी विल्मर) में बचा हिस्सा भी बेच दिया है। आज इस खबर का असर भी कंपनी के शेयरों में देखने को मिल रहा है। कंपनी के शेयरों में 4 प्रतिशत की गिरावट आई है।

अडानी ग्रुप ने अपने बचे 7 प्रतिशत हिस्से को ब्लॉक डील के जरिए बेच गिया है। अडानी एंटरप्राइजेज की सब्सिडियरी कंपनी अडानी कमोडिटी एलएलपी ने यह ट्रांजैक्शन किया है। अडानी ग्रुप ने 275.50 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से यह डील की है। इस डील के जेफरिज को इंवेस्टमेंट बैंकर्स की जिम्मेदारी मिली थी। बता दें, एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस खाद्य तेल बेचने वाली कंपनी है।

एडब्लूएल एग्री बिजिनेस लि के शेयर बीएसई में 280.05 रुपये के लेवल पर खुला था। लेकिन कुछ ही देर के बाद कंपन के शेयर 4 प्रतिशत की गिरावट सेथा 266.45 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर पहुंच गया। कंपनी का इंट्रा-डे हाई बीएसई में 282.90 रुपये (11 बजे) था। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 337 रुपये और 52 वीक लो लेवल 231.55 रुपये है। इस कंपनी का मार्केट कैप 35175.80 करोड़ रुपये का है।

शेयर बाजार में एडब्लूएल,एग्री बिजिनेस लि के शेयर संघर्ष ही कर रहे हैं। बीते 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 4 प्रतिशत की तेजी आई है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 4.53 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली है। एक साल में एडब्लूएल,एग्री बिजिनेस लिके शेयरों की कीमतों में 8.10 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। 3 साल में इस खाद्य तेल बेचने वाली कंपनी का शेयर 56 प्रतिशत टूटा है। एडब्लूएल एग्री बिजिनेस लि का नेट प्रॉफिट सितंबर तिमाही के दौरान 244.85 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 21 प्रतिशत लुढ़क चुका है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 311.02 करोड़ रुपये रहा था।

## इलेक्ट्रिक तिपहिया बाजार में भारत दुनिया में अव्वल

### 57 फीसदी सिर्फ देश में ही बिके

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्राजील के बेलेम शहर में जारी कॉप 30 प्रोग्रेस अपडेट में ड्राइविंग प्रोग्रेस ऑन द जीरो-एमिशन व्हीकल ट्रांजिशन रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारत अब न सिर्फ इलेक्ट्रिक तिपहिया बाजार में दुनिया का निर्विवाद लीडर बन गया है, बल्कि तेजी से बढ़ती नीतिगत पहल ने देश को वैश्विक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र का सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी बना दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में जितने भी इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन दुनियाभर में बिके, उनमें से 57 फीसदी अकेले भारत में खरीदे गए।इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार में भारत की वैश्विक हिस्सेदारी 6 फीसदी दर्ज की गई। एक्सेलरेटिंग टू जीरो कोएलिशन की ओर से तैयार और इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन (आईसीसीटी) के सहयोग से जारी रिपोर्ट में कहा गया है, स्वच्छ व प्रदूषण-रहित



परिवहन को प्रोत्साहित करने वाली नीतियों ने भारत को दूसरा सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन बाजार बना दिया है। फेम और पीएम ई-ड्राइव जैसी योजनाओं ने इलेक्ट्रिक और पारंपरिक वाहनों की कीमतों के अंतर को कम किया, जिससे लास्टमाइल मोबिलिटी में निजी निवेश तेजी से बढ़ा। आईसीसीटी भारत के मैनेजिंग डायरेक्टर अमित भट्ट के अनुसार, देश में बिकने वाले मोटर वाहनों में सबसे बड़ा हिस्सा दोपहिया और तिपहिया वाहनों का है।

### तेजी से बढ़ेगा बाजार

रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आगे की योजना इलेक्ट्रिक वाहन बाजार को तेज गति से विस्तार देने पर केंद्रित है। रणनीति का मुख्य फोकस दोपहिया एवं तिपहिया ईवी को बड़े पैमाने पर अपनाना, कंपनियों को अनुकूल माहौल मुहैया कराना और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना है। पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत 25 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया और 3.20 लाख रुपये ई-तिपहिया वाहनों की बिक्री को बढ़ावा के लिए दिया जाएगा,आंकड़ा नहीं, बल्कि परिवहन क्रांति का संकेत है। इलेक्ट्रिक तिपहिया में दुनिया का नंबर-1 बाजार, इलेक्ट्रिक दोपहिया में तेजी से उभरती ताकत, मजबूत नीतियां, निजी निवेश और तकनीक आधारित इको सिस्टम ये सभी संकेत बताते हैं कि आने वाले वर्षों में शून्य-उत्सर्जन परिवहन आंदोलन में भारत मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगा।

## एनवीडिया, माइक्रोसॉफ्ट और ओपनएआई जैसी बड़ी कंपनियों के नाम शामिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते कुछ हफ्ते से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दुनिया में एनवीडिया की बढ़ती धाक चर्चा में है। शेयर बाजार में भी इस कंपनी को लेकर उत्साह दिखा जिसके फलस्वरूप निवेशकों ने मुनाफे की आस में लाखों-करोड़ों रुपये लगाए। हालांकि, अब एक चौंकाने वाला दावा सामने आया है। इसके मुताबिक ये एक पॉन्जी स्कीम है, जिसका भंडाफोड़ मशीन इंटेलिजेंस की मदद से हुआ है। अमेरिकी शोध में इसका खुलासा किए जाने का दावा सामने आया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 610 बिलियन डॉलर की इस धोखाधड़ी से एनवीडिया के अलावा ओपनएआई, माइक्रोसॉफ्ट और ऑरेकल जैसी बड़ी कंपनियों के नाम जुड़े हैं। शनाका एंस्लेम परेरा नाम के शख्स ने अपने वेरिफायड एक्स हैंडल पर विस्तार से इस वित्तीय धोखाधड़ी का ब्योरा पेश किया है। परेरा ने लिखा, 610 बिलियन डॉलर (करीब 54 लाख करोड़ रुपये) की एआई पॉन्जी स्कीम अचानक ढह गई।

## कॉर्पोरेट नौकरी छोड़ी तो अंदाजा नहीं था कि होगी पैसों की ऐसी बारिश...सालाना 50 लाख कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्रिची (तमिलनाडु) के आर. नरसिम्मन की कहानी पारंपरिक कृषि धारणाओं को तोड़ती है। 1998 में अपनी कॉर्पोरेट नौकरी छोड़कर उन्होंने कृषि-उद्यमिता की यात्रा शुरू की। इसकी शुरुआत बहुत छोटी थी। लेकिन, अब यह 158 एकड़ के ऑर्गेनिक एग्रोफॉरेस्ट्री इकोसिस्टम में बदल गई है। इससे नरसिम्मन की सालाना 40-50 लाख रुपये की कमाई होती है। मोनोकल्चर (केवल आम की खेती) की अस्थिरता से सबक लेते हुए उन्होंने थ्री-टियर मॉडल विकसित किया। यह बदलाव कमाल कर गया। आइए, यहां आर. नरसिम्मन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

आर. नरसिम्मन ने 1998 में नौकरी छोड़कर खेती शुरू की थी। इसका शुरुआती लक्ष्य रिटायरमेंट के बाद शांतिपूर्ण जीवन जीना था। उन्होंने जल्दी ही अल्फांसो आम की खेती करके तेजी से विकास किया। हालांकि, असुरक्षित मौसम और बाजार के उतार-चढ़ाव जैसी मोनोकल्चर की कमजोरियों का अनुभव करने के बाद उन्होंने इंटीग्रेटेड एग्रोफॉरेस्ट्री मॉडल को अपनाया। यह मॉडल भूमि के हर हिस्से का इस्तेमाल करता है। पहला स्तर सागौन, लाल चंदन और सिल्वर ओक जैसे लंबी अवधि के निवेश (15-20 वर्ष में करोड़ों का राजस्व) के लिए आरक्षित है। दूसरा स्तर आम, केला और तरबूज जैसी वार्षिक रिटर्न देने वाली फसलों के लिए है। तीसरा स्तर मौसमी रिटर्न देने वाली दालों (जैसे उड़द और मूंग) के लिए है। अकेले 25,000 सिल्वर ओक और दूसरे पेड़ सालाना 10-15 लाख रुपये की अतिरिक्त आय देते हैं।



### ऑर्गेनिक खेती अपनाने का मिला फायदा

नरसिम्मन ने 2008 में पूरी तरह से जैविक खेती को अपनाया। इसमें वह अपनी 16 देसी गायों के गोबर से बनी खाद का इस्तेमाल करते हैं। सौर ऊर्जा संचालित ड्रिप सिंचाई और एक 700 वर्ग फीट का सौर ड्रायर उनके खेत को टिकाऊ बनाता है। 2010 में उनके खेत में 35.75 किलो का रिकॉर्ड-तोड़ तरबूज उगा। इसे देखकर बीज फर्म नामधारी भी अचंभित रह गई। इस एक तरबूज को 5,000 रुपये में बेचा गया। इसने साबित किया कि जैविक गुणवत्ता स्थानीय बाजार में भी प्रीमियम मूल्य दिला सकती है। इस सफलता ने उन्हें राष्ट्रीय सुर्खियों में ला दिया।

**HIMACHAL PRADESH**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**

**E-Procurement Notice**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

The Executive Engineer HPPWD Kasauli Distt solan HP on behalf of Governor of HP invites the Online bids on Percentage rte in electronic tendering system, in 2 cover system for the under mentioned work from the eligible and approved contractors/ Firms registered with HPPWD Department.

| Job No. | Name of Work | Tentative Cost | Earnest Money | Time allowed | Cost of Form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | R/R damages to Old NH-22 road in Km. 62/00 to 67/200.(SH:- Supply of Premix Bituminous Concrete Materials at site of Work for repair to Pot holes in Km. 62/00 to 67/200. | 534485/- | 10700 | Two Months | 350 |
| 2 | Repair & Maintenance of 1st Floor of HPCED Building Sector-I Parwanoo Distt solan HP(SH:- P/F Panelled glazed Shutter, Wire Gauge Shutter, Painting, Cup Board and Collapsible gate etc. On 1st floor of HPCED Building)Deposit Work. | 3,21,836/- | 6400/- | Two Months | 350/- |
| 3 | R/R damages to Bhojnagar Chakkimour road Km.0/00 to 14/00 .(SH:- C/O PCC R/Wall and Wire Crate at Rd. 3/160 to 3/220 ro removal of slips at Various Rd's.) | 26,17,434/- | 52350/- | Two Months | 2000/- |
| 4 | R/R damages on old NH-22 to TTR road 62/200 to 67/200.(SH:- C/O R/Wall at Rd. 65/365 to 65/375) | 4,92,814/- | 9860/- | Two Months | 350/- |
| 5 | R/R damages on Chhailla Neripul Yashwantnagar Kumarhatti road in Km. 75/375 to 86/450.(SH:- C/O R/Wall in PCC at Rds. 81/740 to 81/749) | 2,75,058/- | 5500/- | Two Months | 350/- |

**Starting date for downloading bid:-** **22.11.2025**
**Deadline for submission of bid:-** **29.11.2025 at 10.30A M**
**Date of Opening of Bid:-** **29.11.2025 at 11.30AM**

1. The bidders are advised to note other details of tenders from the department website https://hptenders.gov.in.

**Executive Engineer,**
**Kasauli Division,**
**HPPWD Kasauli**
**On behalf of the Governor of HP.**

**R.No. 4568/2025-2026**



# शाम के समय तेल में ये चीजें डालकर जलाएं दीपक नहीं रुकेगी घर की बरकत

हिन्दू धर्म में दीपक जलाना शुभ माना जाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि पूजा-पाठ के दौरान दीपक जलाने से देवों की उपस्थिति उस स्थान पर होती है और उस जगह दिव्य ऊर्जा का संचार होने लगता है। इसी कारण से शास्त्रों में सुबह और शाम दीया प्रज्वलित करने का विधान है। वहीं, ज्योतिष शास्त्र में ऐसा माना गया है कि संध्याकाल के समय जलाया गया दीपक ज्यादा प्रभावशाली होता है प्रात :काल के समय जलाए गए दीपक के मुकाबले। ऐसे में अगर शाम के समय जलने वाले दीपक के तेल में कुछ चीजें मिलाकर उसे प्रज्वलित किया जाए तो इससे कई लाभ मिल सकते हैं।

### तेल में तिल मिलाकर जलाएं शाम के समय दीपक

तिल का संबंध पितरों और शनिदेव से माना गया है। ऐसे में शाम के समय तेल में तिल मिलाकर दीपक जलाने से पितृ प्रसन्न होते हैं। पितरों का आशीर्वाद मिलता है और शनि देव की कृपा भी बनी रहती है।

### तेल में कपूर मिलाकर जलाएं शाम के समय दीपक

कपूर का संबंध शुक्र ग्रह से है। ऐसे में शाम के समय तेल में कपूर मिलाकर जलाने से कुंडली में शुक्र ग्रह मजबूत होते हैं। शुक्र के शुभ प्रभाव से व्यक्ति को सौभाग्य, सुंदरता, संपन्नता की प्राप्ति होती है।

### तेल में लौंग मिलाकर जलाएं शाम के समय दीपक

लौंग का संबंध राहु और केतु से माना गया है। अगर रोजाना शाम के समय तेल में लौंग डालकर दीपक जलाया जाए तो इससे राहु का दुष्प्रभाव कम होता है और राहु-केतु की शुभता कुंडली में बढ़ती है।

### तेल में तेजपत्ता मिलाकर जलाएं शाम के समय दीपक

तेजपत्ते का संबंध मां लक्ष्मी और कुबेर देव से माना गया है। ऐसे में शाम के समय तेल में तेजपत्ते का चूरा मिलकर दीपक जलाया जाए तो इससे घर की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और तधन लाभ होता है।




# आखिर क्यों यात्रा से पहले दिशा शूल के बारे में जानना होता है जरूरी

**शास्त्रों में किसी भी बात के कुछ विशेष नियम बनाए गए हैं और इनमें से एक नियम है यात्रा करने का। ऐसा माना जाता है कि अगर आप यात्रा ज्योतिष की कुछ बातों और नियमों के अनुसार करते हैं तो सफलता मिलती है।**

किसी भी यात्रा की योजना बनाते समय हम कई बातों के बारे में विचार करते हैं। जैसे कि बजट से लेकर जगह तक और वाहन से लेकर सही मौसम तक। दरअसल, इन सभी जरूरी बातों के साथ ज्योतिष में भी एक बात है, जिसका आपको ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। वह बात है किसी भी दिशा की तरफ जाने से पहले दिशा शूल की जानकारी होना।

आपने कई बार घर के बड़े-बुजुर्गों के मुंह से ये बात जरूर सुनी होगी कि किसी विशेष दिन पर किसी निश्चित दिशा में जाने से बचना चाहिए, अन्यथा आपके काम पूरे नहीं होंगे और समस्याएं आ सकती हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यात्रा के समय सही दिशा का चयन करना भी बेहद महत्वपूर्ण है।

इसे दिशा शूल के रूप में जाना जाता है। दिशा शूल की अवधारणा प्राचीन काल से चली आ रही है और यह मान्यता है कि यदि यात्रा के लिए गलत दिशा का चयन किया जाए, तो यह आपके लिए असुविधा होने के साथ कार्य में बाधाओं की वजह बन सकती है। इस बात को विस्तार से जानने के लिए हमने ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी से बात की। आइए जानें, इसके बारे में विस्तार से।



### दिशा शूल क्या होता है

- दिशा शूल एक ज्योतिषीय अवधारणा है, जिसके अनुसार हर दिन एक विशेष दिशा में यात्रा करना शुभ नहीं माना जाता है। इसका मतलब यह हुआ कि हर दिन के लिए एक निश्चित दिशा निर्धारित होती है, जिसमें आपको यात्रा करने से बचना चाहिए।
- यह दिशा आपके लिए शूल यानी कि कोई बाधा उत्पन्न कर सकती है। दिशा शूल से बचने के लिए सही दिशा चुनने के लिए आप किसी ज्योतिष एक्सपर्ट की सलाह भी ले सकते हैं। ऐसा करने से आपकी यात्रा सफल होती है और आपको यात्रा के शुभ फल भी मिलते हैं।

### कौन सी दिशा किस दिन यात्रा के लिए अशुभ मानी जाती है

- अगर हम ज्योतिष की बात करें तो प्रत्येक दिन के लिए अलग-अलग दिशाएं अशुभ मानी जाती हैं। दिशा शूल की गणना के अनुसार, नीचे बताई गई दिशाएं किसी भी यात्रा के लिए अशुभ मानी जाती हैं।
- सोमवार और शनिवार-इस दिन पूर्व दिशा की तरफ यात्रा पर जाने से बचना चाहिए।
- मंगलवार-इस दिन आपको उत्तर दिशा में यात्रा करने से बचना चाहिए।
- बुधवार-बुधवार को पश्चिम दिशा में यात्रा करना शुभ नहीं माना जाता है।
- गुरुवार-गुरुवार के दिन आपको दक्षिण दिशा में यात्रा करने से बचना चाहिए।
- शुक्रवार-इस दिन पश्चिम दिशा में यात्रा करने से आपको धन हानि हो सकती है।
- रविवार-इस दिन आपको उत्तर दिशा में यात्रा नहीं करनी चाहिए। इस दिशा में यात्रा से नुकसान हो सकता है।

### दिशा शूल का क्या महत्व है

- दिशा शूल की अवधारणा का आधार ज्योतिष गणनाओं और ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति पर आधारित होता है। यह माना जाता है कि कुछ दिन और दिशाएं हमारे ग्रहों और नक्षत्रों की स्थिति के अनुसार प्रतिकूल हो सकती हैं। इसकी वजह से यात्रा में बाधाएं, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, धन हानि या अन्य समस्याएं शुरू हो सकती हैं।
- दिशा शूल का ध्यान रखने से यात्रा के दौरान समस्याओं से बचा जा सकता है।
- गलत दिशा में यात्रा करने से स्वास्थ्य समस्याएं और आर्थिक हानि हो सकती है। ज्योतिष के अनुसार, गलत दिशा में यात्रा करने से जीवन में अनचाही चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।
- सही दिशा में यात्रा करने से मानसिक शांति और सफलता प्राप्त होती है। व्यक्ति बिना किसी बाधा के अपने गंतव्य तक पहुंचता है और यात्रा सुखद होती है।

### दिशा शूल का वैज्ञानिक दृष्टिकोण

दिशा शूल का महत्व केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं है, बल्कि इसके पीछे कुछ वैज्ञानिक तर्क भी हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, प्राचीन समय में लोगों के पास यातायात के आधुनिक साधन नहीं थे और यात्रा करने के लिए उन्हें प्राकृतिक संकेतों और मौसम पर निर्भर रहना पड़ता था। कुछ दिशाओं में यात्रा करने से मौसम खराब होने की वजह से उस स्थान पर जाने में कठिनाई हो सकती थी, इसलिए उस जगह जाने से मना किया जाता था। इसके अलावा, ज्योतिष गणनाओं में ग्रहों और नक्षत्रों की स्थिति का भी ध्यान रखा जाता है। कुछ दिन और दिशा में यात्रा करने से आपके ग्रहों की दशा और दिशा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, जिससे आपके जीवन में अस्थिरता और कठिनाइयां आ सकती हैं।

## दिशा शूल से बचने के उपाय

- अगर आपको किसी वजह से यात्रा करनी पड़े, तो आपको कुछ उपाय आजमाने की सलाह दी जाती है।
- यात्रा शुरू करने से पहले गुड़ का सेवन करना और पानी पीना शुभ माना जाता है। यह दिशा शूल के प्रभाव को कम कर सकता है।
- यात्रा शुरू करने से पहले नींबू और हरी मिर्च को अपने वाहन के आगे लटकाने से दिशा शूल का प्रभाव कम हो सकता है।
- यात्रा से पहले भगवान गणेश की पूजा और यात्रा की सफलता के लिए मंत्र जाप करने से भी दिशा शूल के नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सकता है।
- यदि आपको किसी अशुभ दिशा में यात्रा करनी हो, तो आप रात्रि के समय यात्रा कर सकते हैं।
- यात्रा शुरू करने से पहले गायत्री मंत्र का जाप करना दिशा शूल से बचने का एक प्रभावी उपाय माना जाता है।



# गायत्री मंत्र के हर शब्द का है खास अर्थ

सभी हिन्दू शास्त्रों में लिखा है कि मंत्रों का मंत्र महामंत्र है गायत्री मंत्र। यह प्रथम इसलिए कि विश्व की प्रथम पुस्तक ऋग्वेद की शुरुआत ही इस मंत्र से होती है। कहते हैं कि ब्रह्मा ने चार वेदों की रचना के पूर्व 24 अक्षरों के गायत्री मंत्र की रचना की थी। गायत्री मंत्र के हर शब्द का है खास अर्थ आओ जानते हैं।

मंत्र इस प्रकार है – ऊँ भूर्भुव : स्व : तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो न : प्रचोदयात।

### 24 अक्षर गायत्री मंत्र

प्रत्येक अक्षर के उच्चारण से एक देवता का आह्वान हो जाता है। गायत्री मंत्र के चौबीस अक्षरों के चौबीस देवता हैं। उनकी चौबीस चैतन्य शक्तियां हैं। गायत्री मंत्र के चौबीस अक्षर 24 शक्ति बीज हैं। गायत्री मंत्र की उपासना करने से उन मंत्र शक्तियों का लाभ और सिद्धियां मिलती हैं।

ऊँ : अ, उ और म। यह तीन अक्षरों से मिलकर बना शब्द ओम है जिसे प्रणव मंत्र भी कहते हैं। ऊँ शब्द तीन ध्वनियों से बना हुआ है- अ, उ, म इन तीनों ध्वनियों का अर्थ उपनिषद में भी आता है। भू : लोक, भूव : लोक और स्वर्ग लोक का प्रतीक है। ऊँ को ओम कहा जाता है। उसमें भी बोलते वक्त 'ओ' पर ज्यादा जोर होता है। इस मंत्र का प्रारंभ है अंत नहीं। यह ब्रह्मांड की अनाहत ध्वनि है।

भुर्भुव : स्व : : भू अर्थात धरती भुर्व : अर्थात अंतरिक्ष और स्व : अर्थात स्वर्गलोक।

तत्सविदुर्वरेण्यं : त : परमात्मा अथवा ब्रह्म, सवितु : : ईश्वर अथवा सृष्टि कर्ता, वरेण्यम अर्थात पूजनीय।

भर्गो : अज्ञान तथा पाप निवारक।

देवस्य : ज्ञान स्वरुप भगवान का।

धीमहि धियो : हम ध्यान करते हैं बुद्धि प्रज्ञा का।

योन : : जो : हमें।

प्रचोदयात : प्रकाशित करें।

- पृथ्वीलोक, भुवर्लोक और स्वर्लोक में व्याप्त उस सृष्टिकर्ता प्रकाशमान परमात्मा के तेज का हम ध्यान करते हैं, वह परमात्मा का तेज हमारी बुद्धि को सन्मार्ग की ओर चलने के लिए प्रेरित करे।
- उस प्राणस्वरूप, दु :खनाशक, सुखस्वरूप, श्रेष्ठ, तेजस्वी, पापनाशक, देवस्वरूप परमात्मा को हम अंत :करण में धारण करें। वह परमात्मा हमारी बुद्धि को सन्मार्ग में प्रेरित करे।
- ऊँ : सर्वरक्षक परमात्मा, भू : प्राणों से प्यारा, भुव : दुख विनाशक, स्व : सुखस्वरूप है, तत : उस, सवितु : उत्पादक, प्रकाशक, प्रेरक, वरेण्य : वरने योग्य, भर्गो : शुद्ध विज्ञान स्वरूप का, देवस्य : देव के, धीमहि : हम ध्यान करें, धियो : बुद्धि को, यो : जो, न : हमारी, प्रचोदयात : शुभ कार्यों में प्रेरित करें।



# सत्यनारायण की कथा क्यों की जाती है

**सत्यनारायण व्रत कथा स्कन्दपुराण के रेवाखण्ड से संकलित की गई है। भगवान विष्णु के सत्य स्वरूप की कथा ही सत्यनारायण व्रत कथा है। यह कथा अक्सर पूर्णिमा के दिन, बृहस्पतिवार या किसी पर्व विशेष के दिन परिवार में आयोजित की जाती है। हर घर में सत्यनारायण की कथा का आयोजन होता है। आखिर यह सत्यनारायण की कथा का आयोजन क्यों होता है, क्या है इसका महत्व, मंत्र और पूजा विधि।**

### क्यों की जाती है सत्यनारायण की कथा

सत्यनारायण व्रत कथा के दो भाग हैं- व्रत-पूजा तथा कथा का श्रवण या पाठ। इस कथा के दो प्रमुख विषय हैं- संकल्प को भूलना और प्रसाद का अपमान करना। इस कथा का तिरस्कार करने या मजाक उड़ाने से व्यक्ति के जीवन में संकटों की शुरुआत हो जाती है। इसीलिए सत्यनारायण की कथा की जाती है।

### व्रत और पूजा

विधिवत रूप से व्रत रखने और कथा सुनने से व्यक्ति के जीवन के सभी तरह के संकट दूर हो जाते हैं। सत्यनारायण भगवान की पूजा में खासकर केले के पत्ते, नारियल, पंचफल, पंचामृत, पंचगव्य, सुपारी, पान, तिल, मोली, रोली, कुमकुम, तुलसी की आवश्यकता होती। इन्हें प्रसाद के रूप में फल, मिष्ठान और पंजरी अर्पित की जाती है।

मंत्र- 'ऊँ श्री सत्यनारायणाय नम :' का 108 बार जाप करें।

### कथा श्रवण का महत्व

सत्य को नारायण के रूप में पूजना और नारायण को ही सत्य मानना यही सत्यनारायण है। सत्य में ही सारा जगत समाया हुआ है बाकी सब माया है। सत्यनारायण की कथा सुनने से व्यक्ति के जीवन के संकट मिट जाते हैं और वह सुख, समृद्धि एवं संतति को प्राप्त करना है। इस कथा को कहने सुनने से निश्चित ही मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। सत्यनारायण कथा कराने से हजारों साल तक किए गए यज्ञ के बराबर फल मिलता है। साथ ही सत्यनारायण कथा सुनने को भी सौभाग्य की बात माना गया है।

## व्रत-पूजन कैसे करें

इसके बाद नारद जी ने भगवान श्रीहरि विष्णु से व्रत विधि बताने का अनुरोध किया। तब भगवान श्रीहरि विष्णु जी बोले- सत्यनारायण व्रत करने के लिए व्यक्ति को दिन भर उपवास रखना चाहिए। श्री सत्यनारायण व्रत पूजनकर्ता को स्नान करके कोरे अथवा धुले हुए शुद्ध वस्त्र पहनें। माथे पर तिलक लगाएं और शुभ मुहूर्त में पूजन शुरू करें। इस हेतु शुभ आसन पर पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुंह करके सत्यनारायण भगवान का पूजन करें। इसके पश्चात सत्यनारायण व्रत कथा का वाचन अथवा श्रवण करें। संध्याकाल में किसी प्रकांड पंडित को बुलाकर सत्य नारायण की कथा श्रवण करवाना चाहिए। भगवान को भोग में चरणामृत, पान, तिल, मोली, रोली, कुमकुम, फल, फूल, पंचगव्य, सुपारी, दूर्वा आदि अर्पित करें। इससे सत्यनारायण देव प्रसन्न होते हैं। सत्यनारायण व्रत पूर्णिमा के दिन करने का विशेष महत्व है, क्योंकि पूर्णिमा सत्यनारायण का प्रिय दिन है, इस दिन चंद्रमा पूर्ण कलाओं के साथ उदित होता है और पूर्ण चंद्र को अर्घ्य देने से व्यक्ति के जीवन में पूर्णता आती है। पूर्णिमा के चंद्रमा को जल से अर्घ्य देना चाहिए। घर का वातावरण शुद्ध करके चौकी पर कलश रखकर भगवान श्री विष्णु की मूर्ति या सत्यनारायण की फोटो रख कर पूजन करें। परिवारजनों को एकत्रित करके भजन, कीर्तन, नृत्य गान आदि करें। सबके साथ प्रसाद ग्रहण करें, तदोपरांत चंद्रमा को अर्घ्य दें। यही सत्यनारायण भगवान की कृपा पाने का मृत्यु लोक में सरल उपाय है।

# न्यूजीलैंड दौरे के लिए वेस्टइंडीज टेस्ट टीम घोषित

● केमार रोच की वापसी, ओजाय शील्ड्स को पहली बार मौका

**एंटीगा (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने दिसंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज केमार रोच की वापसी हुई है। रोच आखिरी बार इस साल जनवरी में पाकिस्तान के मुल्तान



टेस्ट में खेले थे। उनकी मौजूदगी टीम के अपेक्षाकृत अनुभवहीन पेस अटैक को मजबूती देगी। रोच ने आखिरी बार इस साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान टेस्ट में खेला था।

**शमार जोसेफ और अल्जारी जोसेफ अभी भी बाहर–** टीम के दो प्रमुख तेज गेंदबाज शमार जोसेफ और अल्जारी जोसेफ चोटों के कारण इस दौरे से बाहर हैं। उनकी गैरमौजूदगी में 85 टेस्ट खेल चुके रोच टीम के सबसे अनुभवी पेसर होंगे।

**ओजाय शील्ड्स को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है–** 29 साल के तेज गेंदबाज ओजाय शील्ड्स को पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है। शील्ड्स ने हाल ही में एंटीगा में आयोजित दो सप्ताह के हाई-परफॉर्मेंस कैंप में हिस्सा लिया था, जिसमें रोच समेत कई खिलाड़ी शामिल थे।

**कावेम हॉग की भी वापसी–** ऑलराउंडर कावेम हॉग की भी टेस्ट टीम में वापसी हुई है। उन्होंने भी आखिरी टेस्ट मल्तान में ही खेला था। वहीं लेफ्ट-आर्म स्पिनर खारी पियरे को टीम से बाहर कर दिया गया है।

### टी20 ट्राई-सीरीज

# जिम्बाब्वे ने किया उलटफेर, टी20 विश्व कप जीत चुकी टीम को बड़े अंतर से हराया

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ब्रैड इवांस ने 4-0-9-3 के शानदार स्पेल और कप्तान सिकंदर रजा ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत जिम्बाब्वे ने बड़ा उलटफेर करते हुए टी20 विश्व कप जीत चुकी श्रीलंका पर 67 रन से बड़ी जीत दर्ज की। जिम्बाब्वे ने रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में टी20 ट्राई-सीरीज में श्रीलंका को 95 रन पर ऑल आउट कर दिया और अपने 162/8 के टोटल का बचाव करते हुए जीत अपने नाम



की।

यह टी20 फॉर्मेट में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के किसी फुल मेंबर पर जिम्बाब्वे की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ जिम्बाब्वे ने ट्राई-सीरीज टेबल में नेट रन-रेट पर दो पॉइंट्स (दो मैचों में) के साथ टॉप जगह बना ली है, जो पाकिस्तान के एक मैच में पॉइंट्स के बराबर है। यह इस इवेंट में श्रीलंका का पहला मैच था। इवांस और रिचर्ड न्गारावा (2-15) की लीडरशिप में जिम्बाब्वे के बॉलर्स ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। उनके सभी छह गेंदबाजों ने विकेट लिए जिससे श्रीलंका के लिए जो टारगेट शुरू में आसान लग रहा था, वह बुरे सपने में बदल गया।

# भारत-पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप में 15 फरवरी को भिड़ेंगे

## टूर्नामेंट की शुरुआत 7 फरवरी से, फाइनल 8 मार्च को अहमदाबाद में हो सकता है

**दुबई (एजेंसी)।** अगले साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मैच 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जा सकता है। यहां पर 5 अक्टूबर को विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मैच भी खेला गया था। रिपोर्ट्स के अनुसार बीसीसीआई ने अपना प्रस्तावित शेड्यूल आईसीसी को भेज दिया है। आईसीसी जल्दी ही इसका ऐलान कर सकता है।

टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 7 फरवरी से हो सकती है। जबकि, फाइनल मैच 8 मार्च को खेला जा सकता है। सेमीफाइनल और फाइनल के वेन्यू का निर्धारण भारत-पाकिस्तान की स्थिति पर निर्भर करेगा। अगर पाकिस्तान की टीम फाइनल में नहीं पहुंचती है तो यह मुकाबला अहमदाबाद में होगा। पाकिस्तान के फाइनल के लिए क्वालिफाई करने पर मुकाबला श्रीलंका में खेला जाएगा। आईसीसी या बीसीसीआई की ओर से शेड्यूल पर अबतक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप की डिफेंडिंग चैंपियन है। भारत ने साउथ अफ्रीका को फाइनल हराकर खिताब जीता था।




### भारत के 5, श्रीलंका के 3 वेन्यू शॉर्टलिस्ट

बीसीसीआई ने टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए अहमदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई को शॉर्टलिस्ट किया है। श्रीलंका के तीन वेन्यू को भी चुना गया है। कोलंबो को इनमें से एक बताया जा रहा है।भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी टी-20 मैच 9 जून 2024 को वर्ल्ड कप में ही हुआ था। तब भारत ने 5 रन से करीबी मुकाबला जीता था।

### कोलंबो में भारत और पाकिस्तान क्यों हो रहा है?

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बीसीसीआई और पीसीबी के बीच यह सहमति बनी थी कि भविष्य में दोनों टीमें एक-दूसरे के देशों की यात्रा नहीं करेंगी, बल्कि अपने मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेंगी।

### एशिया कप में तीन बार भिड़े भारत-पाकिस्तान

9 से 28 सितंबर के बीच आयोजित एशिया कप में भारत और पाकिस्तान की टीमें 3 बार आपस में मैच खेल चुकी हैं। तीनों पर दफा भारतीय टीम को जीत मिली थी। इस दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने आपस में हाथ नहीं मिलाया था। रऊफ ने प्लेन गिराने का इशारा किया। जबकि, साहिबजादा फरहान ने गन सेलिब्रेशन किया। फाइनल जीतने के बाद भारतीय टीम ने पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी के हाथ से ट्रॉफी लेने से इंकार कर दिया था। ऐसे में नकवी ने ट्रॉफी नहीं दी और टीम इंडिया को खाली हाथ लौटना पड़ा था।

### भारत, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने 2-2 टाइटल जीते

टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 2007 में हुई। भारत ने पहले एडिशन के फाइनल में पाकिस्तान को हराकर टाइटल जीता था। इसके 17 साल बाद भारत ने 2024 में साउथ अफ्रीका को फाइनल हराया और दूसरी बार टाइटल जीता। भारत के अलावा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने भी 2-2 टाइटल जीते हैं। पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया ने 1-1 बार खिताब जीता है।

# स्मृति मंधाना ने फनी अंदाज में इंगेजमेंट की कन्फर्म

● भारतीय स्टार स्मृति मंधाना ने पलाश मुच्छल से की सगाई ● पीएम मोदी ने शादी की तारीख का किया खुलासा

**इंदौर (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की चमकती सितारा और वर्ल्ड कप विजेता ओपनर स्मृति मंधाना ने अंततः अपने प्रशंसकों के बीच लंबे समय से चल रही अफवाहों पर विराम लगाते हुए संगीतकार पलाश मुच्छल से अपनी सगाई की आधिकारिक घोषणा कर दी है। एक खूबसूरती से कोरियोग्राफ किए गए इंस्टाग्राम वीडियो के ज़रिए की गई इस घोषणा ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी। इस रील में उनकी टीममेट्स भी उनके साथ नज़र आईं। वीडियो में भले ही शादी की तारीख नहीं बताई गई थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कपल को शुभकामनाएं देते हुए बड़ी जानकारी साझा कर दी जिसमें शादी की आधिकारिक तारीख शामिल है।



**खास अंदाज में किया ऐलान –** स्मृति मंधाना ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक आकर्षक और मनोरंजक रील पोस्ट की, जिसने कुछ ही घंटों में लाखों व्यूज़ बटोर लिए। इस वीडियो में उनके साथ जेमिमा रोड्रिग्स, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव और अरुंधति रेड्डी नज़र आईं, जिनके साथ उन्होंने फ़िल्म लगे रहो मुन्ना भाई के गाने 'समझो हो ही गया' पर एक सिंक्रनाइज़ कोरियोग्राफ रूटीन प्रस्तुत किया। वीडियो की अंतिम झलक में मंधाना कैमरे की ओर हाथ बढ़ाती हैं, जहाँ उनकी सगाई की अंगूठी साफ दिखाई देती है।

वीडियो पोस्ट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्मृति और पलाश को दिल से शुभकामनाएं भेजीं। उन्होंने अपने संदेश में दोनों की प्रतिभा की सराहना की और मजेदार अंदाज में कहा कि मैदान पर मंधाना का कवर ड्राइव और संगीत में मुच्छल की सिम्फनी मिलकर एक शानदार जीवन-भागीदारी रचेंगे।

# गिल गुवाहाटी टेस्ट से बाहर, पंत कप्तानी करेंगे



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला आज से गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय कप्तान शुभमन गिल गर्दन में दर्द की वजह से इस मैच से बाहर हो गए हैं। गिल की गैरमौजूदगी में ऋषभ पंत टीम की कप्तानी करेंगे। क्चष्टष्ठ ने शुक्रवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। वहीं, नीतीश रेड्डी को मौका मिल सकता है।

भारत सीरीज में 0-1 से पीछे हैं। साउथ अफ्रीका ने पहला मैच 30 रन से जीता था। पहले टेस्ट में हार के बाद मेजबान भारत पर क्लीन स्वीप होने का खतरा मंडरा रहा है। इस मैदान पर पहली बार टेस्ट मैच खेला जाएगा, ऐसे में पिच और परिस्थितियों को देखते हुए प्लेइंग इलेवन का सिलेक्शन भी अहम रहने वाला है। पहले टेस्ट में भारतीय बल्लेबाज बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे थे। शुरुआती ओवर्स में पेसर्स और बाद में स्पिनर्स के सामने बल्लेबाज लगातार दबाव में दिखाई दिए।

**गिल दूसरे टेस्ट से बाहर–** गिल दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने शुक्रवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। वे कोलकाता टेस्ट में गर्दन में ऐंठन की वजह से पहली पारी में सिर्फ तीन गेंदें खेलने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुकाबले के तीसरे दिन की सुबह, बीसीसीआई ने कहा कि वह टेस्ट में आगे हिस्सा नहीं लेंगे।

### गिल की जगह रेड्डी को मिल सकता है मौका

अगर शुभमन गिल दूसरे टेस्ट से बाहर होते हैं, तो उनकी जगह साई सुदर्शन को मौका मिल सकता है। भारत अगर इस मैच में एक और स्पेशलिस्ट बल्लेबाज के साथ उतरने का फैसला करता है, तो सुदर्शन की टीम में वापसी लगभग तय मानी जा सकती है। हालांकि, टीम के पास देवदत्त पडिक्कल के रूप में एक और स्पेशलिस्ट बैटर मौजूद है।

नीतीश रेड्डी के रूप में भारत के पास एक और ऑलराउंड ऑप्शन मौजूद है। कोलकाता टेस्ट से रेड्डी को रिलीज किए जाने के बाद ध्रुव जुरेल को बतौर बल्लेबाज भारतीय प्लेइंग-11 में मौका दिया गया था। हालांकि, रेड्डी को दोबारा स्क्वॉड में शामिल किया गया है। रेड्डी को तभी मौका मिल सकता है, जब वॉशिंगटन सुंदर या अक्षर पटेल में से किसी एक को प्लेइंग से बाहर किया जाए। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अब तक 44 टेस्ट मैच खेले गए, भारत ने 16 और साउथ अफ्रीका ने 19 में जीत दर्ज की, जबकि 10 मैच ड्रॉ रहे। वहीं, भारत ने अपने घर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 20 टेस्ट खेले, जिनमें से 11 जीते और 6 गंवाए। वहीं, 3 मुकाबले ड्रॉ रहे। भारतीय कप्तान शुभमन गिल 2025 में टीम के टॉप रन स्कोरर हैं, उन्होंने इस साल 9 मैचों में 5 शतक लगाकर 983 रन बना दिए हैं। हालांकि, उनका इस मैच में खेलना मुश्किल है। रवींद्र जडेजा दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर हैं। वहीं मोहम्मद सिराज 41 विकेट लेकर टीम के टॉप गेंदबाज हैं।

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक उत्तर रेलवे अंबाला छवानी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र सं. | नीलामी काटलोग सं | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | ADVT-Int-240044-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | ट्रेन संख्या 52457/58 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार) | 04.12.2025 12.00.00 |
| 2. | ADVT-Int-239887-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | ट्रेन संख्या 52455/56 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार) | 04.12.2025 12.00.00 |
| 3. | ADVT-Int-98543-2-25-1 (Advertising-Train Interior) | ट्रेन संख्या 52451/52 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार) | 04.12.2025 12.00.00 |
| 4. | ADVT-Int-273105-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | ट्रेन संख्या 52453/54 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार) | 04.12.2025 12.00.00 |
| 5. | ADVT-Int-132321-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | ट्रेन संख्या 52459/58 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार) | 04.12.2025 12.00.00 |
| 6. | ADVT-EFF-137547-7-25-1 (Advertising-Train Exterior) | ट्रेन संख्या 14523/24 (UMB-BJU एक्सप्रेस) के पूर्ण बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | 04.12.2025 12.00.00 |
| 7. | ADVT-EFF-100891-5-25-1 (Advertising-Train Exterior) | ट्रेन संख्या 14525/26 (UMB-SGNR एक्सप्रेस) के पूर्ण बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | 04.12.2025 12.00.00 |
| 8. | ADVT-UMB-SIR-OH-331-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 15 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 9. | ADVT-UMB-UBC-OH-329-25-1 | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 10 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 10. | ADVT-UMB-DUI-OH-327-25-1 | धुरी रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 27 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 11. | ADVT-UMB-NLDM-OH-333-25-1 | नंगल डैम रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 10 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 12. | ADVT-UMB-AADR-OH-335-25-1 | अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 10 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 13. | ADVT-UMB-SAG-OH-326-25-1 | संगरूर रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 14 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 14. | ADVT-UMB-RPJ-OH-330-25-1 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 14 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 15. | ADVT-UMB-ANSB-OH-334-25-1 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 12 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 16. | ADVT-UMB-RPAR-OH-315-25-1 (Advertising-Out of Home) | रूपनगर रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन के लिए कुल 6 स्थल, जिनका कुल क्षेत्रफल 864 वर्ग फुट है। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 17. | ADVT-UMB-ANSB-OH-318-25-1 (Advertising-Out of Home) | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन के लिए कुल 13 स्थल, जिनका कुल क्षेत्रफल 1872 वर्ग फुट है। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 18. | ADVT-UMB-SML-OH-306-24-1 (Advertising-Out of Home) | शिमला रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन के लिए कुल 5 स्थल, जिनका कुल क्षेत्रफल 1028 वर्ग फुट है। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 19. | ADVT-UMB-AADR-OH-316-25-1 (Advertising-Out of Home) | अंबअंदौरा रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन के लिए कुल 12 स्थल, जिनका कुल क्षेत्रफल 864 वर्ग फुट है। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 20. | ADVT-UMB-PTA-OSD-336-25-1 | पटियाला रेलवे स्टेशन के पुराने प्रतीक्षालय की सामने की दीवार पर 112 वर्ग फुट के 02 वीडियो वॉल प्रत्येक 14'X8') और स्टेशन भवन के बाहर 112 वर्ग फुट का एक वीडियो वॉल 14'X8') के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल) तीन वर्षो की अवधि के लिए विज्ञापन का कुल क्षेत्रफल 336 वर्ग फुट है साइट योजना के अनुसार | 04.12.2025 12.00.00 |
| 21. | MSS-UMB-PTA-MaChr-34-25-1 | रेलवे स्टेशन पटियाला पर भुगतान के आधार पर 10'x12' के कुल क्षेत्रफल के लिए इलेक्टॉनिक रिलैक्सेशन चेयर्स का प्रावधान और संचालन (साइट प्लान के अनुसार) | 04.12.2025 12.00.00 |
| 22. | MSS-UMB-PTA-Hithk-33-25-1 | पटियाला रेलवे स्टेशन पर 12'x12' के कुल क्षे.फल का स्वास्थ्य एटीएम कियोस्क स्थापित करना। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 23. | MSS-UMB-SFMU-BCrush-49-25-1 | सुनाम उधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर 01 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना करने का कार्य। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 24. | MSS-UMB-YJUD-BCrush-43-25-1 | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर 02 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना करने का कार्य। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 25. | MSS-UMB-SAG-BCrush-48-25-1 | संगरूर रेलवे स्टेशन पर 02 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना करने का कार्य। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 26. | MSS-UMB-ANSB-BCrush-45-25-1 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर 01 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना करने का कार्य। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 27. | MSS-UMB-DUI-BCrush-47-25-1 | धुरी रेलवे स्टेशन पर 03 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना करने का कार्य। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 28. | MSS-UMB-SIR-BCrush-50-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर 02 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना करने का कार्य। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 29. | MSS-UMB-NLDM-BCrush-50-25-1 | नंगल डेम रेलवे स्टेशन पर 01 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना करने का कार्य। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 30. | MSS-UMB-RPAR-BCrush-46-25-1 | रूपनगर रेलवे स्टेशन पर 01 प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन (पीबीसीएम) की स्थापना करने का कार्य। | 04.12.2025 12.00.00 |
| 31. | MSS-UMB-UMB-MedStn-39-25-1 | अबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 345 वर्ग फुट क्षेत्र में आपातकालीन चिकित्सा कक्ष ईएमआर की स्थापना संचालन और रखरखाव | 04.12.2025 12.00.00 |
| 32. | MMS-HRC-202686-1-25-1 | ट्रेन संख्या 12045/46 चंडीगढ नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस के सभी एक्जीक्यूटिव क्लास और चेयर कार क्लास कोचों के सभी सीटों पर हेडरेस्ट कवर के प्रावधान के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार संबद्ध कोच संरचना के अनुसार | 04.12.2025 12.00.00 |
| 33. | MSS-UMB-UMB-RCR-51-25-1 | अंबाला कैंट में रेल कोच रेस्तंरा की स्थापना और संचालन 5 वर्षो की अवधि के लिए अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन अंबाला मंडल साइट योजना के अनुसार) | 04.12.2025 12.00.00 |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये

3637/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एशेज- पर्थ टेस्ट के पहले दिन 19 विकेट गिरे

● मिचेल स्टार्क ने रचा इतिहास, पहले ही दिन 7 विकेट लिए

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज का पहला टेस्ट पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में खेला जा रहा है। शुक्रवार को मैच के पहले दिन 19 विकेट गिरे और ये सभी विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए। लंच के बाद इंग्लैंड 172 पर ऑलआउट हो गई। वहीं दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने 123 रन पर ही 9 विकेट गंवा दिए।

इंग्लिश टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग का फैसला किया। टीम के लिए यह फैसला गलत साबित हुआ और 172 रन पर ऑलआउट हो गई। हालांकि ऑस्ट्रेलिया भी इसका फायदा नहीं उठा सकी और दिन का खेल खत्म होने तक 9 विकेट खो दिए। टीम अभी भी इंग्लैंड से 49 रन पीछे है। नाथन लायन और ब्रेंडन डॉगेट नाबाद लौटे। इंग्लिश टीम को शुरुआती झटका पहले ही ओवर में लगा, जब मिचेल स्टार्क ने जैक क्रॉउली को शून्य पर एलबीडब्ल्यू कर पवेलियन भेजा। इसके बाद उन्होंने बेन डकेट (21) को आउट किया। और फिर जो रूट को खाता खोले बिना स्लिप में लाबुशेन के हाथों कैच कराया। इसके बाद ब्रूक ने ओली पोप के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 55 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को संभाला। लेकिन इस साझेदारी को कैमरन ग्रीन ने तोड़ा, जब उन्होंने पोप को 46 रन पर एलबीडब्ल्यू किया। लंच के बाद कप्तान बेन स्टोक्स (6) को भी स्टार्क ने पवेलियन भेजा। स्टार्क ने स्टोक्स को क्लीन बोल्ड किया। डेब्यूटेंट डॉगेट ने हैरी ब्रूक को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया। ब्रूक ने 52 रन बनाए। इसके तुरंत बाद स्टार्क ने गस एटकिंसन को आउट किया। वह एक रन बना सके। स्टार्क की यह इस पारी में पांचवीं सफलता रही। डॉगेट ने फिर ब्राइडन कार्स (6) को लाबुशेन के हाथों कैच कराया। इसके बाद आखिरी के दो बल्लेबाजों को स्टार्क ने आउट किया। जेमी स्मिथ 33 रन और मार्क वुड खाता खोले बिना आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क ने 7 विकेट झटके। डॉगेट ने दो विकेट लिए। एक विकेट कैमरून ग्रीन को मिला।

## न्यूज डायरी

## रोड सेफ्टी ऑर्गनाइज़ेशन ने 23 नवंबर को पंचकूला मैराथन की घोषणा की



हिन्द जनपथ
**पंचकूला (ब्यूरो)**। आज रोड सेफ्टी ऑर्गनाइज़ेशन, डिस्ट्रिक्ट पंचकूला द्वारा आयोजित होने वाली आने वाली पंचकूला मैराथन के बारे में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। मैराथन रविवार, 23 नवंबर को सुबह 6:30 बजे बेलविस्टा से फ्लैग-ऑफ के साथ शुरू होगी।

रोड सेफ्टी ऑर्गनाइज़ेशन के प्रेसिडेंट, श्री अंकुर कपूर ने अपनी टीम के साथ कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया को संबोधित किया। इवेंट के स्पॉन्सर, स्काई हाइट्स को रिप्रेजेंट करते हुए, श्री सुरिंदर कालरा ने भी इस मौके पर बात की, और इवेंट के मकसद, तैयारियों और कम्युनिटी में रोड सेफ्टी अवेयरनेस को बढ़ावा देने के बड़े मिशन के बारे में खास बातें शेयर कीं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोड सेफ्टी ऑर्गनाइज़ेशन के कई पदाधिकारी मौजूद थे, जिनमें प्रेसिडेंट अंकुर कपूर, चेयरमैन नवदीप बेदी, चीफ पैट्रन दीप किशन चौहान, सेक्रेटरी श्री नितिन शर्मा, प्रेस सेक्रेटरी मुकेश चौहान, और सदस्य लक्ष्य शर्मा, करण बागला, महिंदर नरूला, श्री सुनील खोसला, तजिंदर पाल,अक्षय टिक्कू, और हरप्रीत सिंह शामिल थे। मैराथन सभी उम्र के लोगों के लिए खुली है।

## पंचकूला में शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वतीजी के प्रवचन 23 से 25 नवंबर तक

हिन्द जनपथ
**पंचकूला (ब्यूरो)**। माता मनसा देवी गौधाम, मनसा देवी पंचकूला में श्रीमज्जगदुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वतीजी महाराज के मुखारविंद से तीन दिवसीय पावन प्रवचनमृत कार्यक्रम का आयोजन 23 नवंबर से 25 नवंबर 2025 तक किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भक्तों के लिए धार्मिक, आध्यात्मिक और ज्ञानवर्धक संदेशों से परिपूर्ण रहने वाला है। प्रेम लता सिंगला, सतपाल सिंगला, पंचकूला गौशाला ट्रस्ट के प्रधान एवं मेयर कुलभूषण गोयल, डा नरेश मित्तल, भूपिंद्र गोयल, दीपक बंसल एवं तेजपाल गुप्ता, कुसुम कुमार गुप्ता पंचकूला गौशाला ट्रस्ट एवं राधे कृष्णा सत्संग मंडल पंचकूला-मोहाली कार्यक्रम के आयोजक होंगे।

सतपाल सिंगला और कुलभूषण गोयल ने बताया कि यह आयोजन अनेक जन्मार्जित पुण्यों के फलस्वरूप माता मनसा देवी गौधाम के पवित्र प्रांगण में हो रहा है। इस दौरान भक्तजन शंकराचार्य महाराज के दिव्य उपदेशों का लाभ उठाकर अपने जीवन को मंगलमय और सार्थक बनाने का अवसर प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि दर्शन संगोष्ठी मकान नंबर नंबर 94, सेक्टर 6, पंचकूला प्रातः 11:30 बजे से होगी। धर्मसभा माता मनसा देवी गौधाम, मनसा देवी, पंचकूला में सायं 5:00 बजे से होगी। सतपाल सिंगला ने बताया कि यह आध्यात्मिक कार्यक्रम बड़े ही मंगल भाव से संपन्न होगा। भक्तों की सुविधा के लिए प्रवचन के पश्चात लंगर प्रसाद का भी प्रबंध किया गया है। उन्होंने भक्तों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस धर्मसभा का लाभ उठाएं।

## सेल्फी लेने का युवाओं में बढ़ा क्रेज, ढेरु गाथा ग्रुप के कलाकार जमा रहे है ब्रह्मसरोवर पर लोक संस्कृति का रंग

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा कला परिषद, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला के साथ-साथ राज्य सरकार की तरफ से हरियाणा ही नहीं विभिन्न प्रदेशों की लोक संस्कृति को संरक्षित करने और कलाकारों को एक मंच मुहैया करवाने का काम अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के जरिए किया जा रहा है। इस महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों की लोक कला को पर्यटकों के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इन प्रदेशों के उन लोक नृत्यों को कलाकार प्रस्तुत कर रहे हैं, जो लोक कला लुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी है। एक लोक कलाकार ने बातचीत के दौरान इस बात का खुलासा किया कि हरियाणा प्रदेश में कुछ ही कलाकार ही बचे हैं जो बीन, तुंबा, ढोलक, खंजरी बजा कर जोगी नाथ बीन सपेरा परम्परा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

हरियाणा की लोक कला और संस्कृति की लुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी कई विधाओं को संरक्षित करने का काम अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव कर रहा है। इस महोत्सव में ढेरु गायन गाथा, बाजीगर कला और कच्ची घोड़ी जैसी लोक कलाओं को ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर देखा जा रहा है। इस महोत्सव से न केवल लोक संस्कृति को जीवित रखने का प्रयास सरकार की तरफ से किया जा रहा है बल्कि लोक कलाकारों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करवाएं जा रहे हैं। अहम पहलू यह है कि ब्रह्मसरोवर के तट पर ढेरु गाथा गायन ग्रुप के कलाकार हरियाणवी संस्कृति का रंग जमा रहे हैं। लोक कलाकारों ने बातचीत करते हुए कहा कि ग्रुप में उनके अन्य साथी कलाकार भी उनके साथ इस कला को जीवित रखने का काम कर रहे हैं। सभी कलाकार पारम्पकि वेशभूषा से सुसज्जित होकर बीन, तुम्बा, ढोलक, खंजरी बजाकर लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। यह महोत्सव लोक कलाकारों का एक बड़ा मंच बन चुका है। राज्य सरकार द्वारा इस प्रकार के कलाकारों को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव जैसे मंच उपलब्ध करवाने का काम लगातार किया जा रहा है।

# ऑपरेशन ट्रैकडाउनः हरियाणा पुलिस का अब तक का सबसे बड़ा और सबसे सफल अभियान'

- ऑपरेशन ट्रैक डाउन की सफलता को देखते हुए हरियाणा पुलिस ने एक सप्ताह के लिए और बढ़ाया अभियान, अब 27 तक चलेगा अभियान'
- ऑपरेशन ट्रैकडाउन की बड़ी कामयाबीः 113 हत्यारे पकड़े, 52 लोगों व एक परिवार की जान बची, भारी मात्रा में हथियार बरामद
- 38 कुख्यात अपराधी सहित 1,392 अपराधी गिरफ्तार, 2834 अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी, कुल आंकड़ा 4200 के पार

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। हरियाणा पुलिस के 'ऑपरेशन ट्रैकडाउन' ने अपने शुरुआती दिनों में ही साबित कर दिया है कि यह प्रदेश में चलाया गया अब तक का सबसे बड़ा और सबसे प्रभावी अभियान है। इस महाअभियान के तहत पुलिस ने 15 इनामी अपराधियों सहित 38 बड़े कुख्यात अपराधियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। ये 38 अपराधी इनामी बदमाश थे जिन पर 50 हजार रूपए से 13 हजार रूपए तक का इनाम था। इन बड़े अपराधियों द्वारा कुल 220 वारदातों को अंजाम दिया गया। जबकि इसी प्रकार अन्य 3800 आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया। कार्रवाई की व्यापकता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस ने 229 हथियार, 342 कारतूस, 8 मैगजीन के साथ-2 अन्य हथियार जैसे चाकू और तलवारें इत्यादि भी बरामद कीं। अपराधियों से कारें, चाकू, तलवार आदि भी पुलिस ने कब्जे में ली हैं। ये गिरोह हत्या, लूट और अन्य जघन्य वारदातों की योजना बना रहे थे जिन्हें पुलिस ने समय रहते नाकाम कर अनगिनत निर्दोष लोगों की जान बचाई है। अभियान की ऐतिहासिक सफलता को देखते हुए 'ऑपरेशन ट्रैकडाउन' को एक सप्ताह और बढ़ा दिया गया है, ताकि कुख्यात अपराधियों के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त कर राज्य को और अधिक सुरक्षित बनाया जा सके। 'ऑपरेशन ट्रैकडाउन' हरियाणा को भयमुक्त और सुरक्षित बनाने की दिशा में पुलिस की निर्णायक उपलब्धि के रूप में उभरा है।

### '1,941 अपराधी पहचान में आए, 1,392 गिरफ्तारः ऑपरेशन ट्रैक डाउन में 4200 से अधिक पहुंचे सलाखों के पीछे, रचा इतिहास'

हरियाणा पुलिस के अब तक के सबसे बड़े अभियान 'ऑपरेशन ट्रैकडाउन' ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था को नई मजबूती दी है। अभियान के दौरान कुल 1,941 अपराधियों की पहचान की गई, जिनमें से 1,392 को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया जा चुका है। साथ ही 2,834 अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार अब तक कुल 4226 अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। अपराध पर निगरानी मजबूत करने के लिए पुलिस ने 748 नई हिस्ट्रीशीट खोली और 840 हिस्ट्रीशीट अपडेट की हैं। गौरतलब है कि हिस्ट्री शीट तब खोली जाती है जब किसी व्यक्ति को आदतन अपराधी माना जाए या उसका नाम पुलिस के सर्विलांस रजिस्टर में दर्ज हो। अगर पहले से हिस्ट्री शीट नहीं है, तो थाना प्रभारी नियमानुसार नई शीट तैयार करता है। यह प्रक्रिया अपराधी की गतिविधियों, रिश्तों और आदतों को दर्ज कर उसके लगातार निगरानी में रखने के लिए होती है।

### हत्या की साजिश नाकामः 113 अपराधी दबोचे, 52 लोगों की जान बची—हरियाणा पुलिस की समय पर कार्रवाई

ऑपरेशन ट्रैक डाउन में 113 अपराधियों को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वे हत्या या हत्या के प्रयास जैसी जघन्य वारदातों की योजना बना रहे थे। पुलिस की तत्पर कार्रवाई से इनकी पूरी साजिश नाकाम हो गई। इस अभियान ने 52 व्यक्तियों और एक पूरे परिवार की जान बचाई, जो इन अपराधियों के निशाने पर थे। यह उपलब्धि साबित करती है कि हरियाणा पुलिस न केवल अपराधियों को पकड़ रही है, बल्कि समय रहते जानें भी बचा रही है। यही इसकी सबसे बड़ी सफलता है। इन आरोपियों के पास से 90 पिस्तौल, 153 कारतूस, 8 मैगजीन आदि बरामद किए गए हैं।

### '670 अपराधियों की निवारक कार्यवाही, 84 की जमानत रद्द-कानून का सख्त संदेश'

सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि अभियान के दबाव और पुलिस की सख्त मॉनिटरिंग के चलते 670 अपराधियों की निवारक कार्यवाही की गई तथा उन्होंने अच्छा व्यवहार अपनाने व अपराध ना करने का वचन दिया है। इसके साथ ही 84 अपराधियों की जमानत रद्द कर उन्हें दोबारा न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में लाया गया। यह कदम संगठित अपराध पर रोक लगाने और अपराधियों में कानून का भय कायम करने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ है। यह व्यापक कार्रवाई साबित करती है कि हरियाणा पुलिस का यह अभियान अपराध पर निर्णायक प्रहार है, जिसने राज्य में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को नई दिशा दी है।

### 'अवैध संपत्तियों पर कड़ा प्रहारः 114 करोड़ की पहचान कर उनका कुर्की व ध्वस्तीकरण जारी'

हरियाणा पुलिस ने अपराधियों की आर्थिक कमर तोड़ने के लिए अवैध संपत्तियों पर बड़ी और निर्णायक कार्रवाई शुरू की है। अभियान के तहत अब तक 205 अपराधियों की संपत्तियों की स्पष्ट पहचान कर ली गई है। इनमें से 6 संपत्तियों को विधि अनुसार कुर्क किया गया, जबकि 3 अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया है। शेष 196 मामलों में कानूनी प्रक्रिया तेज़ी से जारी है, जिनमें कुर्की और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अगले चरण में होगी। उल्लेखनीय है कि केवल 9 कुख्यात अपराधियों की संपत्तियों का मूल्य ही 5,00,85,196 तक पहुँचता है, जबकि अब तक पहचानी गई सभी अवैध संपत्तियों की कुल अनुमानित कीमत 114 करोड़ 05 लाख 29 हजार 046 रुपये है। यह कार्रवाई साफ संकेत देती है कि हरियाणा पुलिस न केवल अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है, बल्कि उनकी गैरकानूनी कमाई और आर्थिक नेटवर्क को ध्वस्त कर अपराध पर स्थायी प्रहार कर रही है, जिससे राज्य में अपराध का आधार ही कमजोर हो रहा है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 111 संगठित अपराध पर बेहद कठोर दंड का प्रावधान करती है। यदि किसी संगठित आपराधिक घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो दोषी को मृत्यु-दंड या आजीवन कारावास दिया जा सकता है।

## भवन विद्यालय, पंचकूला में दो दिवसीय लाम एक्सपोरमा 2025 का सफल आयोजन



हिन्द जनपथ
**पंचकूला (ब्यूरो)**। भवन विद्यालय, पंचकूला में 20 एवं 21 नवंबर 2025 को संस्थापक उपाध्यक्ष स्व. लाला अमरनाथ अग्रवाल की स्मृति को समर्पित दो दिवसीय लाम एक्सपोरमा 2025 का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम दूरदर्शी और करुणामयी नेता लाला अमरनाथ अग्रवाल के उस महान स्वप्न को समर्पित रहा, जिसमें छात्रों की आंतरिक प्रतिभा, कौशल और सृजनात्मक क्षमताओं को मंच प्रदान करने का उद्देश्य निहित है। इस कार्यक्रम में 22 विद्यालयों के लगभग 450 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों में हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में ट्राइस्टरी, क्विज, नाट्य प्रस्तुति, स्टोरीटेलिंग, ग्रीन प्लेटर, मॉडल मेकिंग, म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंटल प्रदर्शन, खेलकूद और कई अन्य श्रेणियाँ शामिल रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राथमिक विंग द्वारा भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति से हुई। छात्रों ने विभिन्न मुद्दों पर आधारित नृत्य-नाटिकाओं और मॉडल प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। दो दिन तक चले इस आयोजन ने परिसर में उत्साह और उमंग का वातावरण बना दिया। समापन समारोह में लाला अमरनाथ अग्रवाल के परिवार के सदस्य, विद्यालय प्रबंधन समिति और विशिष्ट अतिथियों ने विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाणपत्र और पौधे भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों के प्रयासों और रचनात्मकता की सराहना की गई। भवन विद्यालय द्वारा आयोजित लाम एक्सपोरमा 2025 ने न केवल छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिया, बल्कि उन्हें नई सीख, अनुभव और आत्मविश्वास भी प्रदान किया।

# नाईपर मोहाली में एडवांस्ड एनालिटिकल टेक्नीक पर दो हफ़्ते के आईटेक प्रोग्राम का हुआ समापन समारोह

### 16 देशों के 22 प्रतिभागी नाईपर मोहाली के आईटेक ट्रेनिंग प्रोग्राम में हुए शामिल

हिन्द जनपथ
**मोहाली(ब्यूरो)**। नाईपर, मोहाली द्वारा 10 से 21 नवम्बर, 2025 तक दो सप्ताह का आईटेक (ITEC) गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम "एडवांस्ड एनालिटिकल टेक्निक्सः बेसिक प्रिंसिपल्स एंड एप्लीकेशन्स फॉर क्वालिटी असेसमेंट ऑफ ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स फॉर एक्सपोर्ट" का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में 16 देशों—बांग्लादेश, कोस्टा रिका, मिस्र, इथियोपिया, इराक, जॉर्डन, मालदीव, रवांडा, श्रीलंका, सिएरा लियोन, थाईलैंड, ताजिकिस्तान, तंजानिया, उज्बेकिस्तान, वियतनाम तथा जाम्बिया—के 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 17 विभिन्न देशों से कुल 25 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रतिभागी देशों में बांग्लादेश, कोस्टा रिका, मिस्र, इथियोपिया, इराक, जॉर्डन, मालदीव, रवांडा, श्रीलंका, सिएरा लियोन, थाईलैंड, ताजिकिस्तान, तंज़ानिया, युगांडा, उज़्बेकिस्तान, वियतनाम और ज़ाम्बिया शामिल हैं। प्रतिभागियों में औषधि नियामक निकायों, उद्योग, शिक्षाविदों, फार्मासिस्टों तथा गुणवत्ता नियंत्रण से जुड़े विशेषज्ञ सम्मिलित थे।



आज संस्थान के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समापन समारोह में पाठ्यक्रम समन्वयक प्रो. संजय जाचक ने कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान 19 वैज्ञानिक व्याख्यान आयोजित किए गए तथा अत्याधुनिक विश्लेषणात्मक उपकरणों पर 10 हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को नेशनल एग्री-फूड बायोटेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (नाबी), मोहाली तथा नाईपर के नेचुरल प्रोडक्ट्स फील्ड लैबोरेटरी का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया।

नाईपर, मोहाली के निदेशक प्रो. दुलाल पांडा ने अपने संबोधन में भारत के आईटेक प्रशिक्षण कार्यक्रम के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को नाईपर मोहाली में उपलब्ध उच्च-स्तरीय शैक्षणिक अवसरों की जानकारी देते हुए आग्रह किया कि वे अपने-अपने दूतावासों को यहाँ के शैक्षणिक कार्यक्रमों की सिफारिश करें ताकि उनके देश के छात्र भी नाईपर में शिक्षा का लाभ ले सकें।

प्रतिभागियों ने मंच पर अपने अनुभव साझा किए और उन्हें कार्यक्रम में भागीदारी के प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

समारोह के अंत में विंग कमांडर पी.जे. पी. सिंह वरैच (से.नि.), रजिस्ट्रार, नाईपर मोहाली ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने विदेश मंत्रालय के आईटेक प्रभाग तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का नाईपर पर विश्वास व्यक्त करने हेतु आभार जताया।

# इंटरनेशनल डिप्लोमा इन केयर-गिविंग के ज़रिए विदेश में नौकरी का सुनहरा मौका

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। 'इंटरनेशनल डिप्लोमा इन केयर-गिविंग' कोर्स करके विदेश में केयर में नौकरी के सुनहरे मौके मिलते हैं। यह डिप्लोमा कोर्स उन स्किल्ड केयरगिवर्स के लिए है जो हॉस्पिटल, ओल्ड एज होम और होम सर्विसेज़ में काम करना चाहते हैं। यह डिप्लोमा कोर्स बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ साइंसेज़ QAI के साथ हुए एग्रीमेंट के तहत करवाती है। यह बताना ज़रूरी है कि बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ साइंसेज़, फरीदकोट ने इंटरनेशनल क्वालिफिकेशन और असेसमेंट बेस्ड इंस्टीट्यूशन के साथ एक मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग साइन किया है। इसके तहत 40 हायर एजुकेशन क्रेडिट, 4-लेवल 'इंटरनेशनल डिप्लोमा इन केयर-गिविंग' शुरू किया जाएगा, जो नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (NSDC) से अप्रूव्ड एक ट्रेनिंग इंस्टीट्यूशन है। यह बताना ज़रूरी है कि NSDC भारत में एक नॉन-प्रॉफिट, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप कंपनी है, जिसका मकसद वोकेशनल ट्रेनिंग इनिशिएटिव के ज़रिए स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देना और नौकरी पाने की संभावना बढ़ाना है। मिली जानकारी के मुताबिक, भारत समेत पूरी दुनिया में हॉस्पिटल, ओल्ड एज होम और होम सर्विसेज़ में स्किल्ड केयरगिवर्स की कमी है। इंटरनेशनल डिप्लोमा इन केयर-गिविंग, 12th पास स्टूडेंट्स के लिए इंटरनेशनल क्वालिफिकेशन और असेसमेंट पर आधारित है, जो हाई-डिमांड वाले सेक्टर्स में प्रोफेशनल करियर के लिए सीधी डिमांड देता है। ज़रूरी क्वालिफिकेशन वाले कैंडिडेट्स इंटरनेशनल स्टैंडर्ड्स के हिसाब से 'डिप्लोमा इन केयर-गिविंग' ले पाएंगे, जिससे भारत के साथ-साथ विदेशों में UK, जर्मनी, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया वगैरह में हेल्थकेयर और एज्ड केयर सेक्टर्स में जॉब के मौके खुलेंगे।




बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ साइंसेज इस डिप्लोमा कोर्स में सफल स्टूडेंट्स को 40 एकेडमिक क्रेडिट देगी। इन क्रेडिट्स को आगे बढ़ाया जा सकता है और यूनिवर्सिटी के मान्यता प्राप्त कोर्सेज़ और आगे की हायर एजुकेशन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे स्टूडेंट्स को करियर और एकेडमिक दोनों में तरक्की मिलेगी।

गौरतलब है कि भारत सरकार के स्किल इंडिया मिशन और NSDC से जुड़ा यह डिप्लोमा कोर्स यह पक्का करता है कि डिप्लोमा पाने वाले पहले दिन से ही जॉब के लिए तैयार हों, क्योंकि इसमें क्लासरूम एजुकेशन और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दोनों शामिल हैं। यह एग्रीमेंट भारत के युवाओं को ऐसे करियर के लिए तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है जो घरेलू हेल्थकेयर ज़रूरतों, देखभाल की ग्लोबल मांग और हायर एजुकेशन में तरक्की को पूरा करते हैं।

ध्यान देने वाली बात है कि नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के अप्रूव्ड ट्रेनिंग पार्टनर, क्वालिफिकेशन एंड असेसमेंट इंटरनेशनल ने जर्मनी में सफल करियर बनाने की चाहत रखने वाली भारतीय नर्सों को जर्मन भाषा में फ्री ट्रेनिंग और जॉब प्लेसमेंट देने की एक पहल की घोषणा की थी, जो अभी दुनिया की सबसे एडवांस्ड हेल्थकेयर यूनिट्स में से एक है।

## फार्मेसी परिषद में डाक्यूमेंट्स पूरे करें, पंजीकरण जल्द होगा: रजिस्ट्रार अंकिता अधिकारी

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। हरियाणा राज्य फार्मेसी परिषद (HSPC) ने पंजीकरण की प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुगम करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। जिन आवेदकों द्वारा पंजीकरण के लिए अभी तक अपने दस्तावेज़ परिषद में जमा नहीं किए गए हैं, उनको यह प्रक्रिया पूरी करने के लिए अतिरिक्त अवसर देने का निर्णय लिया है।

हरियाणा राज्य फार्मेसी परिषद की रजिस्ट्रार सुश्री अंकिता अधिकारी ने बताया कि जिन उम्मीदवारों ने फार्मेसी में पंजीकरण के लिए पहले अपने दस्तावेज़ जमा नहीं किए थे, उन्हें अब परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध ताज़ा दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। आवेदकों को अपने लंबित दस्तावेज़ों के साथ देरी का कारण बताते हुए एक लिखित प्रस्तुतीकरण भी जमा करना होगा।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि विशेषकर हरियाणा के बाहर स्थित संस्थानों द्वारा जारी किए गए फार्मेसी के प्रमाण–पत्रों का उनके संबंधित विश्वविद्यालयों, बोर्डों या फार्मेसी कॉन्सिल ऑफ इंडिया (PCI) अथवा मान्यता प्राप्त संस्थानों से सत्यापन करवाना अनिवार्य है। इसके अलावा, आवेदकों को यह शपथ–पत्र भी देना होगा कि वे किसी अन्य राज्य की फार्मेसी परिषद में पंजीकृत नहीं हैं।

सुश्री अंकिता अधिकारी ने कहा कि वास्तविक प्रक्रिया संबंधी या सत्यापन से जुड़े कारणों के चलते किसी भी पात्र उम्मीदवार को पंजीकरण से वंचित नहीं किया जाएगा। उन्होंने परिषद द्वारा पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुगम सेवा प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा राज्य फार्मेसी परिषद (HSPC) में पंजीकरण प्रक्रिया से संबंधित अधिक जानकारी या सहायता के लिए आवेदक कार्य-समय के दौरान परिषद के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध आधिकारिक संचार माध्यमों का उपयोग भी कर सकते हैं।

# केवल 21 दिनों में पेपरलेस हुए 10,450 से ज्यादा प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन - डॉ. सुमिता मिश्रा

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। वितायुक्त राजस्व एवं आपदा प्रबंधन डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि राज्य में नवंबर महीने के पहले 21 दिनों में 10,450 प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन पेपरलेस किए गए हैं। राज्य के डिजिटल लैंड-रजिस्ट्री सिस्टम ने एक दिन में नया रिकॉर्ड बनाया, जिसमें बिना कागज़ के 1,659 रजिस्ट्रेशन प्रोसेस किए गए। यह पारदर्शी और नागरिक, केंद्रित गवर्नेंस के नए दौर की सफलता की बड़ी कामयाबी दर्शाती है।

उन्होंने बताया कि बेहतर वर्कफ़्लो के लिए अब सिस्टम अपग्रेडेड कर सॉफ्टवेयर को काफ़ी मज़बूत किया गया है। यह सिर्फ़ डिजिटाइज़ेशन नहीं, बल्कि विभाग में नया बदलाव है।




### मजबूत प्रोसेसिंग और तेज़ी से इस्तेमाल

उन्होंने बताया कि 1 से 21 नवंबर के बीच लोगों ने प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन 9,365 अपॉइंटमेंट बुक किए। इस प्रकार पेपरलेस सिस्टम शुरू होने के बाद कुल 10,450 अपॉइंटमेंट हो गए। इनमें से पिछले तीन सप्ताह के दौरान 8,338 डीड अप्रूव हुए, और इस प्रकार कुल 9,260 डीड अप्रूव हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सिस्टम अब हर दिन लगभग 1,500 डीड प्रोसेस कर रहा है, जबकि एक दिन में औसतन 1,659 रजिस्ट्रेशन का रिकॉर्ड प्लेटफ़ॉर्म की बेहतर कैपेसिटी और ऑपरेशनल स्टेबिलिटी को दर्शाता है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि पोर्टल पर ऑफिसर-साइड फीचर्स को भी अपग्रेड किया गया है। खेवट और विलेज ब्लॉकिंग चालू कर दी गई है, जिससे सभी ज़िलों में अपॉइंटमेंट शेड्यूलिंग आसान हो गई है। सिस्टम में अब आरसी और सब-रजिस्ट्रार के दोनों डैशबोर्ड पर डीड वेरिफिकेशन सही ढंग से दर्शाता है। अब तहसीलदार अपने लॉगिन से सीधे टोकन वापस कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि नागरिकों को बेवजह फाइनेंशियल नुकसान से बचाने के लिए स्टाम्प ड्यूटी कैलकुलेशन, टोकन डिडक्शन और डॉक्यूमेंट को प्रभावित करने वाली कई दिक्कतें पहले ही हल कर दी गई हैं। गलत टोकन के मामलों में जब तक टोकन पूरी तरह से वैलिडेट न हो जाएगा, तब तक सिस्टम में 503 रुपए नहीं कटेंगे।

### लगातार फीडबैक से सिस्टम में सुधार

डॉ. मिश्रा ने बताया कि रजिस्ट्रार, सब-रजिस्ट्रार और ग्राउंड-लेवल स्टाफ से मिलने वाले रेगुलर फीडबैक और उनके सुझावों से सीधे तौर पर प्लेटफॉर्म में सुधार किया गया है। यह इस पहल की सफलता है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में किए गए बड़े सुधारों में से एक इंटरफ़ेस के दूसरे पेज को आसान बनाना है। यह कदम यूज़र की मुश्किलों को कम करने और उनके अनुभव को आसान बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

# शास्त्री नगर—बापूधाम मार्ग पर टूटी रेलिंग आखिरकार बदली, स्थानीय निवासियों ने ली राहत की सांस : रामेश्वर गिरी

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)**। शास्त्री नगर से बापूधाम को जोड़ने वाले सुखना चो के बरसाती नाले के किनारे महीनों से टूटी पड़ी सुरक्षा रेलिंग आखिरकार बदल दी गई है। लंबे समय से उठ रही शिकायतों और स्थानीय निवासियों के विरोध के बाद प्रशासन व नगर निगम ने आखिरकार कार्रवाई करते हुए नई रेलिंग लगा दी है।

इस मुद्दे को लगातार उठाने वाले रामेश्वर गिरी ने बताया कि यह जगह बेहद संवेदनशील है, क्योंकि इस मार्ग से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। रात के समय या खराब मौसम में बिना रेलिंग के नाले में गिरने का खतरा बहुत बढ़ गया था। गिरी ने कहा कि "अब रेलिंग लगने से दुर्घटना का खतरा काफी हद तक कम होगा और लोगों ने राहत की सांस ली है।"




## प्रशासन व नगर निगम की लापरवाही पर उठे सवाल
हर दिन हजारों वाहन गुजरते हैं, पर नहीं दिखाई देती टूटी रेलिंग

### कई महीनों तक टूटी रही रेलिंग, उठे थे सवाल

बरसाती बहाव के दौरान टूटी रेलिंग पिछले कई महीनों से ज्यों की त्यों पड़ी थी। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने कई बार शिकायतें दीं, लेकिन कार्रवाई में देरी होती रही।

गिरी ने बताया कि "अधिकारियों का रोज इसी रास्ते से गुजरना होता है, फिर भी किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। लगता था जैसे प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा हो।"

गिरी ने उठाया था मामला, प्रशासन पर लगाई थी लापरवाही की टिप्पणी

रामेश्वर गिरी ने इस मुद्दे को कई बार जोरदार तरीके से उठाया था। उन्होंने कहा था किः

"जहाँ सुरक्षा की सबसे ज्यादा जरूरत है, वहीं कोई मरम्मत नहीं हो रही। दूसरी ओर मध्यमार्ग पर सही-सलामत रेलिंग हटाकर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं—यह जनता के पैसों की बर्बादी है।"

गिरी का आरोप था कि इंजीनियरिंग विंग सड़क सुधार को नजरअंदाज कर केवल बजट खर्च करने के लिए नए-नए काम दिखाती है, जिसकी निष्पक्ष जांच ज़रूरी है।

अब रेलिंग लग चुकी है, लेकिन गिरी ने किए और भी मांगें

रेलिंग लगने के बाद भी गिरी ने चार महत्वपूर्ण मांगें रखी हैं—

नाले की दीवारों की मजबूती का काम जल्द शुरू हो।

रात में पर्याप्त स्ट्रीट लाइटिंग सुनिश्चित की जाए।

इंजीनियरिंग विंग के विवादित कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

इस मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित जोन घोषित कर उचित रखरखाव किया जाए।

गिरी ने कहा कि "रेलिंग लगना अच्छी बात है, लेकिन यह काम बहुत पहले हो जाना चाहिए था। देर से सही, लेकिन अब कम से कम दुर्घटना का खतरा कम हो गया है।"